# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,बुधवार 1 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-272 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 02 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112





रायपुर। नववर्ष के पहले दिन शहर को मंदिरों में दर्शन के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

## संक्षेप

### विष्णुदेव साय ने वीडियो जारी कर नववर्ष 2025 की दी बधाई

**रायपुर,1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नए साल 2025 की प्रदेशवासियों को शुभकमनाएं दी है. सीएम साय ने वीडियो जारी कर बधाई दी है. सीएम साय ने



कहा कि नए साल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी को नव वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं! यह नया साल आपके जीवन में खुशहाली और तरक्की लेकर आए। और आपके जीवन में भरपूर सुख समृद्धि का वास हो. नया साल हम सभी के लिए संकल्प लेने का समय है. सीएम साय ने कहा कि पिछले वर्ष हमने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का संकल्प लिया था और हर वर्ग को लाभ पहुंचाने में सफलता पाई. इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाएंगे और प्रदेश को अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में आगे ले जाएंगे. आइए, नए साल में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें। छत्तीसगढ़ महतारी को समृद्ध और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें .

### न्यू ईयर पार्टी से लौट रहे दोस्तों की पलटी कार, हादसे में एक की मौत

**कोरबा,1 जनवरी।** शहर में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. न्यू ईयर पार्टी कर के घर लौट रहे दोस्तों की कार पलटने से बड़ा हादसा हो गया. तीन दोस्त साथ में नए साल का जश्न मानाने निकले हुए थे. पार्टी से लौटने से दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई. जिससे एक युवक की मौत हो गई. घटना मानिकपुर चौकी अंतर्गत कालीबाड़ी के पास हुई है. जानकारी के मुताबिक, न्यू ईयर सेलिब्रेशन पार्टी के लिए युवक अनुभव अपने दो दोस्तों के साथ घर से निकले था. पार्टी करने के बाद रात 1.30 से 2 बजे के बीच सभी दोस्त घर लौट रहे थे. इस दौरान कार तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पलट गई. दुर्घटना में कार ने सड़क किनारे बिजली खंभे और दुकान के बाहर शेड को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. हादसे में कुसमुंडा निवासी अनुभव रोजर मसीह की मौत हो गई है. एक गंभीर रूप से घायल है, जिसे ह्य॥ अस्पताल में भर्ती कराया गया है. साथ ही हादसे में घायल तीसरे युवक का जिला अस्पताल में इलाज जारी है.

### हाथी शावक की मौत

**रायगढ़,1 जनवरी।** जिले में लगातार हाथियों का आना - जाना लगा रहता है। इस दौरान जंगल में बने स्टाप डैम के दलदल में फसने से एक हाथी के शावक की मौत हो गई। इसके बाद इसकी वन विभाग की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मामला घरघोडा वन परिक्षेत्र के पानी खेत गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार, घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में लगभग 38 हाथियों के दल विचरण कर रहा है। विचरण करते -करते हाथी का शावक जंगल में बने स्टाप डैम के दलदल में फंस गया और उसकी मौत हो गई। आसपास के क्षेत्र में बदबू फैल गई। तब इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी वन विभाग की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। जांच में पता चल कि, शावक हाथी का शव 2 से 3 दिन पुराना है। वहीं कुछ पिछले दिनों में छत्तीसगढ़ के नगरी में एक हाथी के बच्चे ने एक 3 साल के बच्ची की जान ले ली। वनांचल क्षेत्र के अरसीकन्हार के बिलपानी में एक हाथी के बच्चे ने घर में घुसकर महिला और बच्ची को कुचलकर मार डाला। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे खदेड़ दिया। पीड़ित संजय कमार ने बताया कि, रात में वो अपनी पत्नी और 3 साल की बच्ची के साथ सो रहा था।

### महाराष्ट्र के जलगांव में दो गुटों के बीच पथराव-आगजनी

**जलगांव ,1 जनवरी।** महाराष्ट्र के जलगांव जिला स्थित पलाधी गांव में बीती रात दो गुटों के बीच टकराव के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। यह विवाद वाहन के हॉर्न बजाने को लेकर शुरू हुआ। कथित तौर पर विवाद तब शुरू हुआ जब शिवसेना मंत्री गुलाबराव पाटिल के परिवार को ले जा रहे वाहन चालक ने हॉर्न बजाया, जिससे लोग नाराज हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कहासुनी मंगलवार साढ़े नौ बजे के यह विवाद मारपीट में बदल गया और जल्द ही इसने पथराव और आगजनी का रूप ले लिया। गुस्साई भीड़ ने दुकानों और वाहनों में आग लगा दी और पथराव किया।

## ग्रीन जीडीपी के लिए इको सिस्टम का मूल्यांकन शुरू करने वाला छत्तीसगढ़ बना देश का पहला राज्य

**रायपुर,1 जनवरी**

वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को ग्रीन जीडीपी के साथ जोड़ने की पहल शुरू करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है। इस पहल के द्वारा पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के व्यापक मूल्य को मापकर छत्तीसगढ़ के सतत विकास में रेखांकित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विज़न और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप विज़न डॉक्यूमेंट तैयार कर रही है, जिसमें वन विभाग द्वारा संचालित पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन की अवधारणा सम्मिलित की गई है। यह समग्र दृष्टिकोण राज्य में पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक प्रगति के बीच संतुलन बनाए रखने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए सतत और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित हो सके। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं का मूल्यांकन न केवल बजटीय योजना को अधिक सुव्यवस्थित बनाएगा, बल्कि भविष्य की रणनीतियों को दिशा प्रदान करेगा, धन आवंटन को अधिक प्रभावी बनाएगा और वानिकी विकास के प्रयासों को सशक्त करेगा। यह प्रक्रिया सतत विकास और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य मे संयुक्त वन प्रबंधन कार्यक्रम ने स्थानीय समुदायों को और अधिक सशक्त बनाया है। गुरु घासीदास, कांगेर घाटी और इंद्रावती जैसे राष्ट्रीय उद्यानों के साथ, छत्तीसगढ़ में प्रकृति आधारित पर्यटन के लिए असीम संभावनाएं हैं। स्थानीय निवासियों को जंगल सफारी, नेचर ट्रेल्स और इको-कैंपिंग जैसी सुविधाओं के प्रबंधन में सक्रिय रूप से शामिल किया जा रहा है, जिससे न केवल सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी सशक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ का 44 प्रतिशत भू-भाग वन



क्षेत्र से आच्छादित है। यह राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत आधार हैं और लाखों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये वन विभिन्न प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ प्रदान करते हैं। वनों से प्राप्त होने वाले अन्य महत्वपूर्ण अमूर्त लाभ अक्सर उपेक्षित रहते हैं और उनका उचित मूल्यांकन नहीं हो पाता। इनमें जलवायु संतुलन बनाए रखने के लिए कार्बन अवशोषण, कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परागण, पोषक तत्वों का चक्रण, मृदा उर्वरता में सुधार और जैव विविधता संरक्षण जैसी सेवाएं शामिल हैं। वनों का बाढ़ और रोग नियंत्रण, जल प्रवाह का प्रबंधन और वेक्टर जनित रोगों के जोखिम को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अतिरिक्त, वनों से जल पुनर्भरण और शुद्धिकरण होता है, शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान कर वायु गुणवत्ता में सुधार होता है, और सुंदर प्राकृतिक दृश्य तथा जैव विविधता-समृद्ध क्षेत्रों के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ भावनात्मक संतुष्टि भी प्रदान होती है। इन वनों का गहरा आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व भी है, क्योंकि पवित्र स्थलों और देवगुड़ी जैसे क्षेत्रों के माध्यम से ये आदिवासी विरासत और परंपराओं को संरक्षित रखते हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के वन अनेक नदियों का उद्गम स्थल हैं, जो सतत जल प्रवाह, जलग्रहण क्षेत्र संरक्षण और कृषि तथा आजीविका के लिए आवश्यक जैविक पदार्थ से मृदा को समृद्ध करने में सहायक हैं। इन प्रत्यक्ष लाभों का राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर व्यापक आर्थिक प्रभाव पड़ता है। ये सभी लाभ ग्रामीण उद्योगों और आजीविका को प्रोत्साहित करते हैं और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं।

## बाघिन की मौजूदगी से बढ़ी वन अमले की चिंता

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,1 जनवरी**। मरवाही वनमंडल के जंगल में बीते कुछ दिनों से बाघिन की मौजूदगी ने वन विभाग की चुनौती बढ़ा दी है. हालांकि, जिले के पर्यटन स्थलों की ओर उसकी आमद नहीं होने से बाघिन को ट्रेक कर रहे अमले के लिए थोड़ी राहत भरी बात है. वाइल्ड लाइफ की टीम और वन कर्मी बाघिन की गतिविधि पर नजर बनाए हुए है. बाघिन के गले में कॉलर आईडी लगे होने की वजह से उसके पल-पल की गतिविधियों का पता भी चल रहा है. यही वजह है कि वाइल्ड लाइफ, एटीआर और वन विभाग की टीम समय रहते लोगों को सतर्क करने में सक्षम है. खोडरी रेंज में मौजूद बाघिन ने गाय और बछड़े का शिकार किया है. डीएफओ रौनक़ गोयल मरवाही वनमंडल बाघ का विचरण मरवाही वन क्षेत्र में है, और



निकटतम राजस्व ग्रामों जैसे उम्रखोई, करिआम इत्यादि में मुनादी करवाकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है. पर्यटन स्थल लक्ष्मणधारा और जोझा के लिए वन विभाग का कोई एडवाइजरी जारी नहीं हुआ है. उधर विचरण भविष्य में रहेगा तो अलर्ट किया जाएगा. वन विभाग की टीम बाघ की निरंतर मॉनिटरिंग एवं ट्रैकिंग कर रही है.

### बलिया में मंत्री संजय निषाद के काफिले की एक गाड़ी पलटी, पांच घायल

**बलिया ,1 जनवरी।** उत्तर प्रदेश बलिया के खेजुरी थाना क्षेत्र के पास मंगलवार की देर रात्रि निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के काफिले के संग चल रही एक गाड़ी पलट गयी। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को काफिले के संग चल रहे लोगों ने आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया।

निषाद पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के सहयोगी राकेश निषाद ने बताया कि हम लोग मंत्री जी के काफिले में चल रहे थे कि अचानक मोड़ आने पर गाड़ी पलट गई और गाड़ी सवार पांच लोग घायल हो गए। हालांकि हम लोगों को भगवान ने बचा लिया।

## रायपुर-बिलासपुर रोड किनारे नाली में मिली किशोरी की लाश

**धरसीवा,1 जनवरी।** रायपुर के धरसीवा क्षेत्र से नए साल के दिन ही सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां रायपुर-बिलासपुर फोर लाइन के किनारे नाली में एक किशोरी का शव मिला है, जिसकी उम्र महज 10-12 साल के बीच है. आशंका जताई जा रही है कि किशोरी के शव को कार से बाहर फेंका गया है. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मृतिका के शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है. बता दें, राजधानी रायपुर समेत कई जगहों पर नए साल के उपलक्ष्म में 31 दिसंबर की रात कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था. वहीं नए साल के पहले ही दिन किशोरी की



संदिग्ध मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं. बीते साल भी धनेली में एक होटल के सामने, रोड किनारे तालाब में एक बच्ची का शव मिला था. फिलहाल रायपुर पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है. किशोरी की पहचान क्या है,उसकी मौत कैसे हुई, वह नाली तक कैसे पहुंची, उसके साथ कोई अप्रिय घटना तो नहीं हुई. ऐसे कई सवालों के जवाब फिलहाल सामने नहीं आ सके हैं. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा और मामले में पूरी जानकारी सामने आ सकेगी.

## छुट्टी के दिन भी खुला विशेष कोर्ट

**बिलासपुर,1 जनवरी।** हाईकोर्ट ने बिलासपुर की दुष्कर्म पीड़िता गर्भवती युवती के गर्भपात की अनुमति को लेकर लगाई गई याचिका पर सुनवाई की. कोर्ट ने मामले को गंभीरता लेते हुए रायगढ़ कलेक्टर को तत्काल मेडिकल बोर्ड का गठन करके पीड़िता की जांच कर 2 जनवरी को रिपोर्ट पेश करने आदेश दिया है. इससे पहले जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की विशेष कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद बिलासपुर कलेक्टर को मेडिकल बोर्ड गठन कर जांच के निर्देश दिए थे. इस मामले की सुनवाई के लिए जस्टिस विभु दत्त गुरू ने शीतकालीन अवकाश के बाद भी विशेष कोर्ट लगाई गई. कोर्ट ने सुनवाई के बाद पीड़िता के निवास से रायगढ़ नजदीक होने के चलते यहां के सीएमएचओ को छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने जून 2024 को जारी अधिसूचना के अनुसार मेडिकल बोर्ड का गठन करने कहा है. मेडिकल बोर्ड में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक बाल रोग विशेषज्ञ, एक रेडियोलॉजिस्ट, सोनोलॉजिस्ट और एक अन्य सदस्य, जैसा आवश्यक हो सदस्य शामिल होंगे. बोर्ड याचिकाकर्ता की उचित पहचान सत्यापन के बाद पीड़िता की शारीरिक और मानसिक स्थिति, गर्भावस्था का चरण, भ्रूण की समग्र स्थिति, गर्भ की समाप्ति से होने वाले हानि के संबंध में जांच करने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने पीड़िता को जांच के लिए मेडिकल बोर्ड के समक्ष 1 जनवरी को उपस्थित होने का निर्देश दिया है. इसके बाद कलेक्टर रायगढ़ के माध्यम से 2 जनवरी 2025 को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है.

## एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या

**लखनऊ,1 जनवरी।** लखनऊ में बुधवार की सुबह नए साल के पहले दिन एक होटल में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई। युवक आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। लोगों ने बताया कि आगरा से आए परिवार ने नया साल मनाया। शाम को घूमने टहलने गए थे। इसके बाद युवक ने दिल दहलाने वाली वारदात कर डाली। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ से पता चला कि उसने घरेलू विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया।

लोगों की मानें तो परिवार 30 दिसंबर को आया था। पड़ोसियों की मानें तो अरशद फेरी का काम करता था। अरशद काफी गुस्सा करने वाला है। उसका अक्सर किसी न किसी झगड़ा हो जाता था। अरशद ने पुलिस की पूछताछ में हत्या की बात कबूल की है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी अरशद ने अपनी चार बहनों और माता की हत्या करने की घटना को कबूल करते हुए बताया कि मोहल्ले वाले इनके परिवार को परेशान कर रहे थे। इसको डर था कि अगर इसे कुछ हो गया तो इनकी मां और बहन का क्या होगा, इसलिए इसने उनको मार देने का फैसला किया। अरशद परिवार को पहले अजमेर लेकर गया फ़िर लखनऊ लाकर सभी को होटल में रुकवाया, रात्रि में नशीला




पदार्थ दिया और कुछ के मुंह में कपड़ा डालकर दुपट्टे से गला दबा दिया और कुछ की कलाई ब्लेड से काट दी। इस काम में पिता ने मदद की। इसके बाद पिता को रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया और स्वयं थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल ब्लेड व दुपट्टा बरामद कर लिया गया है। आरोपी से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। प्रत्येक तथ्य के संबंध में साक्ष्य संकलन कर सत्यापित किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (मध्य लखनऊ) रवीना त्यागी ने कहा कि घटना नाका क्षेत्र में स्थित होटल शरनजीत में हुई। त्यागी ने बताया आरोपी की पहचान अरशद (24) के रूप में हुई जिसने अपने ही परिवार के पांच सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटनास्थल से ही पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान आलिया (नौ), अलशिया (19), अक्सा (16), रहमीन (18), सभी अरशद की बहनें और अस्मा (आरोपी युवक की मां) के रूप में हुई है। त्यागी ने बताया कि 24 वर्षीय अरशद आगरा का रहने वाला है और प्रारंभिक पूछताछ से पता चला कि उसने घरेलू विवाद के कारण इस घटना को अंजाम दिया।

### राज्य सरकार के डिजिटल रिफार्म की सराहना

**रायपुर,1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए आईटी आधारित वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को लागू कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। डिजिटल रिफार्म की सराहना करते हुए राज्य को 250 करोड़ रुपये की कैपेक्स के रूप में प्रदान की है। इस राशि का उपयोग राज्य के अधोसंरचना निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम को मजबूत बनाने के लिए किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि, तकनीक आधारित सुधार और सुशासन ही राज्य के आर्थिक विकास का मूलमंत्र है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है, बल्कि जनता के प्रति हमारी सरकार के सुशासन के संकल्प का प्रमाण है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास न केवल राज्य को तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगा, बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणा बनेगा। राज्य ने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के वित्तीय प्रबंधन के लिए जस्ट इन टाइम मॉडल और एसएनए स्पर्श प्रणाली को अपनाया है। यह प्रणाली वित्तीय प्रवाह को कुशल बनाते हुए निधियों के वितरण, ट्रैकिंग और भुगतान को आसान बनाती है। इसके तहत राज्य सरकार ने केंद्र की निधि को आरबीआई के ई-कुबेर नेटवर्क और राज्य की निधि को वित्तीय प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली के माध्यम से समेकित किया है। इस पहल से निधि के सही समय पर उपयोग और वास्तविक समय में व्यय की रिपोर्टिंग भी सुनिश्चित हुई है। इस सुधार के तहत स्मार्ट भुगतान एल्गोरिथम का उपयोग किया गया है, जिससे भुगतान ट्रिगर नियमों के आधार पर वास्तविक समय में किया जाता है।

## मोहन भागवत की टिप्पणी से उठे विवाद को संघ मुखपत्र 'पांचजन्य' ने शांत करने का किया प्रयास

**नई दिल्ली,1 जनवरी।** आरएसएस प्रमुख ने देशभर में नये मंदिर-मस्जिद विवाद उठने पर हाल ही में चिंता जताई थी। उनकी इस टिप्पणी पर खूब बवाल हुआ था। साधु-संत तो खुलकर इस टिप्पणी के विरोध में उतर आये थे। भाजपा नेताओं से भी इस मुद्दे पर कुछ बोलते नहीं बन रहा था। खुद संघ के नेता भी सकते में थे कि इस संकट का हल कैसे निकाला जाये। अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े एक हिंदी साप्ताहिक ने अपने संपादकीय में भागवत के बयान से उपजे विवाद को शांत करने का प्रयास किया है। हम आपको बता दें कि संपादकीय में कहा गया है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत की हालिया टिप्पणी समाज से एक समझदारी भरा रुख अपनाने का ÷स्पष्ट आह्वान÷ है। संपादकीय ने इस मुद्दे पर ÷अनावश्यक बहस और भ्रामक प्रचार÷ के प्रति भी आगाह किया है। हम आपको याद दिला दें कि उन्नीस दिसंबर को पुणे में सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत~ विश्वगुरु विषय पर व्याख्यान देते हुए भागवत ने समावेशी समाज की वकालत की और कहा था कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि भारत सद्भाव के साथ रह सकता है। अब आरएसएस के मुखपत्र 'पांचजन्य' के संपादक हितेश शंकर के 28 दिसंबर के संपादकीय में कहा गया है, ÷आरएसएस प्रमुख मोहनराव भागवत के मंदिरों पर दिए गए हालिया बयान के बाद मीडिया जगत में घमासान (वाकयुद्ध) छिड़ गया है। या यूं कहें कि यह जानबूझकर किया जा रहा है। एक स्पष्ट बयान के अलग-अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं। हर दिन नई प्रतिक्रियाएं



आ रही हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रतिक्रियाओं में स्वतःस्फूर्त सामाजिक राय के बजाय सोशल मीडिया विशेषज्ञों द्वारा उत्पन्न किया गया कोहराम और उन्माद अधिक दिखाई देता है। संपादकीय में कहा गया कि भागवत का बयान समाज से इस मुद्दे के प्रति समझदारी भरा रुख अपनाने का स्पष्ट आह्वान है। इसमें कहा गया है, यह सही भी है। मंदिर हिंदुओं की आस्था के केंद्र हैं, लेकिन राजनीतिक लाभ के लिए उनका इस्तेमाल कतई स्वीकार्य नहीं है। आज के दौर में मंदिरों से जुड़े मुद्दों पर अनावश्यक बहस और भ्रामक दुष्प्रचार को बढ़ावा देना चिंताजनक प्रवृत्ति है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है।÷ संपादकीय के अनुसार, ÷खुद को सामाजिक कहने वाले कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया मंचों पर स्वयंभू रक्षक और विचारक बन बैठे हैं। ऐसे अविवेकी विचारकों से दूर रहने की जरूरत है जो समाज के भावनात्मक मुद्दों पर जनभावनाओं का इस्तेमाल करते हैं। संपादकीय में कहा गया है कि भारत एक ऐसी सभ्यता और संस्कृति का नाम है, जिसने हजारों वर्षों से न केवल अनेकता में एकता के दर्शन का प्रचार किया, बल्कि उसे जीया और आत्मसात भी किया। इसमें कहा गया है, यह भूमि केवल भौगोलिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक मूल्यों का जीवंत स्पंदन है। ऐसे में मंदिरों का महत्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और ऐतिहासिक भी है।÷ संपादकीय में कहा गया है कि ऐतिहासिक और आध्यात्मिक मूल्यों से रहित, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ से भरे ÷कुछ तत्वों÷ ने अपनी राजनीति को बढ़ावा देना, समुदायों को भड़काना और हर गली और इलाके में ÷हिंदू मंदिरों÷ को बचाने की आड़ में खुद को सर्वश्रेष्ठ हिंदू विचारक के रूप में पेश करना शुरू कर दिया है। इसमें कहा गया है, ÷मंदिरों की खोज को सनसनीखेज तरीके से प्रस्तुत करना शायद मीडिया के लिए भी एक चलन बन गया है और यह एक प्रकार का मसाला है.

एक नजर

## नौकरी के नाम पर 12 लाख की ठगी

**भिलाई, 1 जनवरी।** दिल्ली एयरपोर्ट में ग्राउंड स्टाफ की नौकरी लगवाने के नाम पर दो लोगों ने 12 लाख रुपये की ठगी की है। रुपये मांगने पर आरोपित, पीड़िता से गाली-गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैंपीड़िता की शिकायत पर नेवई थाने पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू कर दी है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि लक्ष्मी नगर रिसाली निवासी शिकायतकर्ता रसविंदर कौर की शिकायत पर मैत्री नगर रिसाली निवासी आरोपित महेंद्र पाल और संतोष करण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है दोनों आरोपितों ने शिकायतकर्ता के बेटे अनूप सिंह भंडाल और भाई हरिंदर सिंह की नौकरी लगवाने का झांसा दिया था आरोपितों ने एक व्यक्ति की नौकरी लगवाने के एवज में छह लाख रुपये मांगे थे इस तरह से आरोपितों ने दो लोगों की नौकरी लगवाने के नाम पर उससे एक फरवरी 2019 से 15 अप्रैल 2019 के बीच 12 लाख रुपये लिए आरोपितों ने अपने खातों के साथ ही आरोपित महेंद्र पाल की पत्नी अर्पणा पाल के नाम के चेक से भी रुपये लिए थे इसके साथ ही कुछ राशि उन्होंने नकद लिया था रुपये लेने के बाद दोनों आरोपितों ने पीड़िता से कहा कि उसके बेटे और भाई की नौकरी लग गई है उन्होंने कहा कि उन्हें दिल्ली के किसी लाज में रुककर वहां पर दो महीने की ट्रेनिंग करनी होगी आरोपितों के कहने पर पीड़िता का बेटा और उसका भाई दिल्ली भी गए लेकिन वहां पर उन्हें किसी प्रकार की ट्रेनिंग नहीं कराई गई इसके बाद आरोपितों ने एयरपोर्ट की जगह किसी फ्लाई जोन एविएशन नाम की कंपनी में ग्राउंड स्टाफ के प्री ट्रेनिंग का फर्जी आफर लेटर और इन्नौव नाम की कंपनी का फर्जी अस्थाई नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया था जब उनसे एयरपोर्ट में नौकरी लगवाने की बात पर रुपये लेने की बात कही गई तो गाली-गलौज की ।

## चाइनीज मांझा विक्रय एवं खरीदने वालों को 5 साल की जेल एवं 1 लाख का लगेगा जुर्माना



**भिलाई, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम भिलाई के क्षेत्र में गठित दल द्वारा लगातार चाइनीज मांझा खरीदी एवं ब्रिकी करने वालो पर कार्यवाही कर रही है। प्रायः यह देखा जा रहा है कि दुकानदार अपने थोड़े से लाभ कमाने के लिए खतरनाक चाइनीज मांझा का चोरी-छिपे विक्रय कर रहे है। चाइनीज मांझा के उपयोग से स्वयं, राहगीर, पक्षी आदि दुर्घटना के शिकार हो जाते है। कभी भी पतंग के धागे से घटनाएं होने की पूरी संभावना बनी रहती है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किये हैं कि जो भी दुकानदार चाइनीज मांझा का बिक्री करते या कोई नागरिक इसे खरीदते दिखे तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें एवं उनसे अर्थदण्ड की वसूली की जाए। संबंधित के पास से चाइनीज मांझा पाये जाने पर उसे तत्काल जप्त की जावे। साथ ही उन्हे समझाइस दी जाए की आपके द्वारा शासन के आदेशो का उल्लंघन करने पर 5 साल की जेल के साथ 1 लाख रूपये तक का जुर्माना या फिर दोना सजा हो सकती है। छत्तीसगढ़ के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने चीनी धागों की खरीदी और ब्रिकी को मददेनजर रखते हुए अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर इसे दण्डनीय अपराध करार दिया है। जोन क्रमांक-4 क्षेत्रांतर्गत प्रतिबंधित मांझा बेचने पर 900 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई एवं मांझा धागा जप्त किया गया। समझाइस दिया गया कि नायलोन एवं चाइनीज मांझा/धागा पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके साथ की इण्डस्टीज यूज धागा का उपयोग भी न करे। यह अंतिम समझाइश है, नहीं मानने वाले दुकानदार का गुमस्ता लाईसेंस निरस्त एवं दुकान को सील बंद की कार्यवाही की जावेगी।

## गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक, सीसी रोड का किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** मंगलवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम खैरझिटी में आयोजित बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह में शामिल हुए। साथ ही सीसी रोड निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया।बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह में पहुंचे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पवित्र जैतखाम का पूजा किया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा गुरु घासीदास को याद करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम मानवता की परिभाषा को समझ सकते हैं। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान का महत्व सिर्फ प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में है। मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले बाबा गुरु घासीदास हमेशा अमर रहेंगे।

# कबीरधाम का नया सवेरा-विकास और सुशासन की ओर एक मजबूत कदम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**कवर्धा,1 जनवरी।** कबीरधाम जिले के लिए उपलब्धियों से भरा रहा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कबीरधाम जिले ने विकास के नए आयामो को छुआ है। एक ओर विकास के नए आयामो पर कबीरधाम प्रगति के पथ आगे बढ़ा है, वही दूसरी राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों ने कबीरधाम जिले के अंतिम व्यक्ति के ÷अंत्योदय÷ की परिकल्पनाओं को भी साकार किया है। बुधवार को वर्ष 2025 का नया सूर्योदय होने जा रहा। बीते साल की उपलब्धियों को लेकर नया साल विकास की पहिये पहिये को और आगे बढ़ाएगा। वर्ष 2024 का अंतिम दिन जैसे ही कबीरधाम जिले की धरती पर कदम रखता है, हम देखते हैं कि यह वर्ष जिले के लिए केवल एक साल नहीं, बल्कि विकास और समृद्धि का प्रतीक बनकर उभरा है। इस वर्ष की प्रमुख उपलब्धियां जिले के लिए एक ऐतिहासिक क्षण साबित हुई हैं। कबीरधाम-मुंगेली-कटघोरा रेलमार्ग के लिए 300 करोड़ रुपए की स्वीकृति, कवर्धा में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 306.23 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति, और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 7544 आवासों की स्वीकृति, यह सब जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं। इसके अलावा, कृषि, जल जीवन मिशन, महिला सशक्तिकरण, और खेल गतिविधियों के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई है। इन सभी योजनाओं और परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करना और जिले के लोगों को इसका लाभ पहुंचाना, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के नेतृत्व में संभव हो पाया है। यह वर्ष कबीरधाम के लिए एक नया सूर्योदय लेकर आया है, जहां विकास की नई खास बात यह है कि उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, जो खुद कबीरधाम जिले के निवासी हैं, ने अपने जिले के विकास में जिस तरह की भागीदारी निभाई है। वह न केवल उनके नेतृत्व की श्रेष्ठता को प्रमाणित करती है, बल्कि जिले की प्रगति की कहानी में उनके योगदान को भी अजेय बनाती है। किरण से हर क्षेत्र रोशन हो रहा है।कबीरधाम जिले के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है, जो विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कबीरधाम-मुंगेली-कटघोरा रेलमार्ग के लिए 300 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह परियोजना न केवल जिले में बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगी, बल्कि जिले को अन्य प्रमुख शहरों से जोड़कर व्यापारिक और सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस रेल परियोजना के शुरू होने से रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी और साथ ही पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा।कबीरधाम के लिए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि यह रही कि कवर्धा में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 306.23 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। यह पहल जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार लाने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर भी उत्पन्न करेगी। यह निर्णय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की संयुक्त सोच और प्रतिबद्धता का परिणाम है, जिन्होंने इस योजना को लागू करने के लिए कड़ी मेहनत की। मेडिकल कॉलेज के निर्माण से न केवल जिले के स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि युवाओं के लिए चिकित्सा क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।कबीरधाम जिले के किसान अब अपनी मेहनत का उचित मुआवजा पा रहे हैं, क्योंकि वर्ष 2023-24 में धान की खरीदारी के लिए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर सुनिश्चित की गई। इस वर्ष 6 लाख 1 हजार 565 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई, और 1318 करोड़ रुपए की राशि किसानों के खातों में जमा की गई। इसके अलावा, कृषक उन्नति योजना के तहत 546 करोड़ रुपए की राशि का हस्तांतरण किया गया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने किसानों की बेहतरी के लिए यह सुनिश्चित किया कि उनके हितों का पूरी तरह से ध्यान रखा जाए। इस निर्णय से कबीरधाम के किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर है, और उनके जीवन में बदलाव आ रहा है। यह विकास के लिए उनका समर्पण और सूझबूझ ही है, जो जिले के किसान समुदाय को समृद्ध बना रहा है। कबीरधाम में महतारी वन्दन योजना के तहत 2,54,000 महिलाओं को जोड़कर उन्हें 1,000 रुपए प्रति माह की राशि दी जा रही है। अब तक 212.11 करोड़ रुपए की राशि महिला हितग्राहियों में वितरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की विशेष योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया गया है, ताकि समाज में उनकी स्थिति में सुधार हो सके। यह योजना न केवल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बल देती है, बल्कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान करती है।प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले में 7544 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही, जिले के 47 सड़कों (186.20 कि.मी.) के लिए 135.72 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य जिले में बेहतर परिवहन सुविधाएं और पक्के घर उपलब्ध कराना है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

जल जीवन मिशन के तहत, जिले में 959 ग्रामों को पानी की आपूर्ति शुरू की गई है और 1062.18 करोड़ रुपए की राशि जल परियोजनाओं के लिए स्वीकृत की गई है। अब तक 163478 परिवारों को जल कनेक्शन मिल चुका है, जिससे जल संकट का समाधान हो रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ रहा है।कबीरधाम के युवा अब अपनी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। जिले में 24 नए मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे है । प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और डिप्टी सीएम विजय शर्मा के संकल्पों से प्रगति के पथ पर कबीरधाम तेजी से आगे बढ़ रहा है। कबीरधाम जिले के निवासी होने के कारण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जिले के विकास में विशेष योगदान रहा है। उनका व्यक्तिगत जुड़ाव और जिले के प्रति उनका समर्पण जिले के विकास की गति को और तेज कर रहा है। उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि जिले की जरूरतों के अनुरूप योजनाएं बनाई जाएं और उन पर त्वरित कार्यवाही भी हो रही है।।कबीरधाम जिले ने वर्ष 2024 में विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय के नए आयाम स्थापित हुए है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले ने जिस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। आने वाला नया वर्ष 2025 विकास की नई ऊंचाइयों और बुलंदियों को छुएगा, ऐसी जन भावनाओ की आशा और उम्मीद है।

## बाबा गुरु घासीदासजी ने समाज को सत्य के मार्ग पर चलने की सीख दी : रामकुमार भट्ट





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 1 जनवरी।** मानव मानव के बीच सद्भावना, भाईचारा, समानता की भावना को विकसित करने वाले महान संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 268 वीं जयन्ती समारोह विकास खण्ड पंडरिया के ग्राम बसनी में बड़े उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया । उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट उपस्थित हुए, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवा राम कुर्रे अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत पंडरिया, नंदलाल चंद्राकर सदस्य जनपद पंचायत पंडरिया, रवि यादव सभापति जनपद पंचायत पंडरिया, महेंद्र धृतलहरे महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, पुरषोत्तम निर्मलकर, मनोज जांगड़े सरपंच ग्राम पंचायत घोरपेन्ड्री उप सरपंच श्री लीलवा चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण व समाज के वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित रहे । उक्त समारोह में पन्थी पार्टी के द्वारा बाबा जी के उपदेशों पर आधारित मनमोहक पन्थी नृत्य का प्रदर्शन किया गया । उक्त अवसर पर आयोजित सभा को सम्बोधित कर रामकुमार भट्ट ने बाबा गुरु घासीदास जी के उपदेशों का बखान करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज के उत्थान के लिए अनेक नियम बनाए साथ ही सत्य और ज्ञान की खोज के लिए कठिन तपस्या करके समाज को सत्य के मार्ग पर चलने की सीख दी । यदि हमारा समाज बाबा जी के बताये हुए उपदेशों को अनुशरण कर जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़े तो निश्चित रूप से समाज की तरक्की व समाज का कल्याण सम्भव है उन्होंने आगे कहा कि बाबा जी ने मनखे मनखे एक समान के सिद्धांत को प्रतिपादित कर सम्पूर्ण मानव समाज में समानता और भाईचारा कायम करके मानवकल्याण का बीड़ा उठाया । उक्त अवसर पर आयोजित सभा को उपस्थित अतिथियों ने भी सम्बोधित कर बाबा जी के उपदेशों पर प्रकाश डाले ।

## परिधि गुप्ता से बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट



**भिलाई, 1 जनवरी।** चार्टर्ड अकाउंटेंसी फाइनल परीक्षा का रिजल्ट 26 दिसंबर को जारी हुआ, जिसमें सेक्टर 9 निवासी कुमारी परिधि गुप्ता ने सफलता प्राप्त की है। पास होने वाले अत्यंत कम विद्यार्थियों में परिधि गुप्ता ने उत्तीर्ण होकर संपूर्ण भिलाई नगरी का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं में परिधि गुप्ता ने 93.4 प्रतिशत अंकों से परीक्षा पास की थी। परिधि ने बताया कि टाइम का सही उपयोग किया। ज्यादा से ज्यादा मॉक टेस्ट दिए और टाइम मैनेजमेंट को जाना। परिधि ने अपनी सफलता का संपूर्ण श्रेय अपनी मां श्रीमती प्रियंवदा गुप्ता को दिया। मम्मी प्रियंवदा गुप्ता हाउसवाइफ हैं जिन्होंने अपनी बेटी को सीए बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया। फिलहाल परिधि भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्थान केपीएमजी मुंबई से अपनी आर्टिकलशिप कर रही हैं।

## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई



**भिलाई, 1 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से दिसम्बर 2024 माह में कुल 74 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 07 कार्यपालक व 67 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। दिसम्बर 2024 में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। 31 दिसम्बर 2024 को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

## साउथ के सुपर फिल्म स्टार ने कराते मास्टर का किया सम्मान

**पाटन,1 जनवरी।** 30 वां फेडरेशन कप ऑल इंडिया कराते एवं मिक्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 का भव्य आयोजन श्री बालाजी विद्या मंदिर देवेंद्र नगर रायपुर में 28 एवं 29 दिसंबर 2024 को आयोजित किया गया। जिसमे



दुर्ग जिले से सोतोकान फेडरेशन दुर्ग के अध्यक्ष कराते मास्टर हरीश साहू को नेशनल रिफ्रीशिप व जिला टीम मैनेजर के लिए रामकुमार साहू को दक्षिण भारतीय एवं हिंदी सिनेमा जगत के सुपरस्टार डॉ. सुमन तलवार (गब्बर इज बेक/शिवाजी द बॉस) ने अपने हाथो से मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया और बधाई दी और कहा कि जीवन में खेल का बड़ा महत्व है शरीर को मजबूत और मानसिक शक्ति को बढ़ाने के लिए व विषम परिस्थिति में अपनी आत्मरक्षा के लिए हर बालिकाओं को कराटे सीखना चाहिए और नारीयों को मजबूत व सशक्त बनाने के लिए कराते कोच से निवेदन किया की कराते बालिकाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दे ताकि अधिक से अधिक इसका लाभ ले सके कराते मास्टर हरीश साहू व टीम मैनेजर रामकुमार साहू को बहुत बहुत बधाई देता हूं की दुर्ग जिला के बेटियों को आत्मरक्षा, व सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे है ऐसे ही निरंतर कार्य करने की प्रेरणा दिया । कराते मास्टर हरीश साहू ने अतिथियों का आभार माना और विशेष आभार अपने सेंसई अरुण पांडे का किया जिनके मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा हैं और धन्यवाद किया ।

## भिलाई-चरौदा निगम से वर्ष के अंतिम दिवस सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गई विदाई



भिलाई-3। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में विगत 06 वर्षो से अपनी सेवाएं दे रहे अनिल सिंह को उनके अंतिम कार्यदिवस मंगलवार को कार्यस्थल से विदाई दी गयी। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रशासनिक प्रमुख कमिश्नर डी.एस.राजपुत ने माला पहनाकर सेवानिवृत्त हो रहे सिंह को सम्मानित किया। निगम आयुक्त ने कहा कि नौकरी से एक दिन हम सभी को रिटायर्ड हो जाना है, जैसा कि सरकारी निगम है लेकिन हमें यह याद रखना है कि हमने अपने परिवारजनों के जितना हो समय अपने सहकर्मियों के साथ भी बिताया है। यही कारण है कि सेवानिवृत्ती का क्षण बेहद भावुक होता है। कार्यपालन अभियंता सुनील जैन एवं सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे ने भी अनिल सिंह को भविष्य के जीवन के लिए शुभकामनाएं देकर उनका अभिनंदन किया। विदाई समारोह कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राम अवतार साहू ने संचालन करते हुए अनिल सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला और इस दौरान राजू वर्मा सहायक ग्रेड-01, ललित चन्द्राकर सहायक राजस्व निरीक्षक, भागवत निर्मलकर सहायक राजस्व निरीक्षक, दिलीप देवांगन सहायक राजस्व निरीक्षक,श्रीमती अभिलाषा श्रीवास्तव सहायक ग्रेड-2, श्रीमती सरोजनी यदु सहायक राजस्व निरीक्षक, पदुम देशलहरे सहायक राजस्व निरीक्षक, श्रीराम चन्द्र निषाद,सहायक राजस्व निरीक्षक दुष्यंत चतुर्वेदी सहायक राजस्व निरीक्षक, श्रीमती चन्द्रकांती, श्रीमती टी. कामेश्वरी सहायक ग्रेड-3, पुरानिक साहू, बसंत वर्मा समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहो

## प्रवीण उपाध्याय बने सेल बैडमिंटन टीम के कोच

भिलाई, 1 जनवरी। ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन बेंगलुरु में 2 से 5 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसमें देश के सभी प्रमुख पब्लिक सेक्टर एल.आई.सी., एफ.सी.आई. आर.बी.आई., बी.ओ.बी., यूनियन बैंक, कोल इंडिया, बीएसएनएल, एम.टी.एन.एल., बैंक ऑफ बड़ौदा, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आदि की टीम भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में सेल की बैडमिंटन टीम भी भाग ले रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र से दो खिलाड़ी और एक कोच का चयन किया गया है। खिलाड़ियों में वेद प्रकाश तिवारी और कपिल नायडू का तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के बैंडमिंटन टीम के कोच श्री प्रवीण उपाध्याय का चयन सेल बैंडमिंटन टीम के कोच के लिए किया गया है।

## पं. रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि पर भिलाई बिरादरी ने दी पुष्पांजलि



**भिलाई, 1 जनवरी।** अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भविष्यदृष्टा एवं जननेता पं. रविशंकर शुक्ल की 67वीं पुण्यतिथि पर 31 दिसम्बर को सेक्टर-9 स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा के समक्ष प्रातः 10 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई बिरादरी के सदस्य, कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों के नेता एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिनिधि तथा आम जन ने पं. शुक्ल को पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कड़ी में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक कांग्रेस नेता अरुण वोरा, पूर्व मेयर सुश्री नीता लोधी, भिलाई के कार्यकारी मेयर एवं कांग्रेस नेता सीजू एंथोनी, जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व पार्षद प्रभूनाथ मिश्रा, समाज सेविका श्रीमती रत्ना नारंग, हेमंत बंजारे, मोहन लाल गुप्ता, अशोक गिरी, जावेद खान, पूर्व पार्षद कोर्मा राव, राजेश गुप्ता, जी. पी. शुक्ला, चंद्रशेखर गवई, आर. डी. कोरी, शेख अकरम, प्रदीप जंघेल, एचएससीएल की पूर्व उप महाप्रबंधक एवं शुक्ल परिवार की सदस्य श्रीमती मायारानी शुक्ल, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच, भिलाई-दुर्ग के उपाध्यक्ष संतोष दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्रा, अखिल भारतीय कान्यकुब्ज समाज के राष्ट्रीय समिति के उपाध्यक्ष गुरू प्रसाद तिवारी, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच, भिलाई-दुर्ग की महिला समिति की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती विजिया मिश्रा, स्वदेश शुक्ला, श्याम तिवारी, आलोक शुक्ला, भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक प्रशान्त तिवारी, सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक सहित इस्पात नगरी के नागरिक उपस्थित थे।

# चौबीस कुंडीय गायत्री महायज्ञ में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,1 जनवरी।** दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आदर्श ग्राम कोड़िया 25 दिसम्बर से 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में दुर्ग ग्रामीण और नगर क्षेत्र के 1100 से ज्यादा महिलाओं ने मंगल कलश, वाङ्मय, मशाल झंडा आदि लेकर विचार क्रांति के नारों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा के पश्चात शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे टोली नायक आचार्य नरेंद्र विद्यार्थी के साथ यज्ञाचार्य डॉ डी पटेल, गायक तापेश्वर सांडिया, शिवम कुमार, मृणाल पाल ने संगीतमय प्रवचन के माध्यम से कलश देवता की महिमा का बखान किया। साथ ही 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की जानकारी दी।26 दिसम्बर को प्रातः 5 बजे से वेदमाता मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा गायत्री प्रज्ञापीठ में सम्पन्न हुआ जिसमें पं श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित 3200 से ज्यादा साहित्यों के संकलन एवं 24 लाख गायत्री मंत्र लेखन अनुष्ठान की स्थापना भी की गई।

26 से 28 दिसम्बर तक प्रतिदिन 300 से ज्यादा जोड़े सहित हजारों लोगों ने 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में राष्ट्र जागरण एवं विश्व कल्याण के लिए आहुति डाली।26 दिसम्बर को प्रज्ञा पुराण और युवा सम्मेलन, 27 दिसम्बर को प्रवचन और महिला सम्मेलन के बाद 5000 दीपों से दीपयज्ञ किया गया। साथ ही मशाल एवं कलश झांकी निकालकर महाकाल का स्वागत किया गया। दीपप्रज्वलन पश्चात गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय मंत्रोच्चार के साथ विश्व कल्याण व शांति एवं राष्ट्र जागरण के लिए सामुहिक प्रार्थना भी की गई।28 दिसंबर को महायज्ञ के साथ ही लगभग पांच हजार लोगों ने गायत्री मंत्र की दीक्षा ली एवं पुंसवन संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार, नामकरण संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, विवाह संस्कार, जन्मदिवस आदि संस्कार सम्पन्न हुए। 25 से 28 दिसंबर तक चलने वाले महायज्ञ में दुर्ग जिले के तीनों विकासखंडों सहित बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, धमतरी, कवर्धा, रायपुर, महासमुंद सहित अन्य जिलों के 16 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।शांतिकुंज के टोली नायक आचार्य नरेंद्र विद्यार्थी जी ने प्रज्ञा पुराण की व्याख्या करते हुए कहा प्रज्ञा पुराण कथा में 18 पुराणों का सार है।धार्मिक, नैतिक अथवा आध्यात्मिक कथाओं से मनुष्य का नैतिक उत्थान होता है। गायत्री परिवार का निर्माण मानव को महामानव व मनुष्य में देवत्व के उदय के उद्देश्य से किया गया है। प्रवचन के माध्यम से गायत्री महामंत्र और यज्ञ की महिमा को समझाते हुए बताया हमें अपने कार्यों के साथ ही समाज और राष्ट्र को समर्थ, सशक्त बनाने के लिए भी सोचने, विचारने और कार्य करने की आवश्यकता है। समाज में जाति पाति जैसी अनेक प्रकार की कुरीतियां फैली हुई हैं जिसका उन्मूलन आवश्यक है। नारी जागरण व नशा उन्मूलन से लेकर पर्यावरण संरक्षण के विषय पर भी आचार्य नरेंद्र ने मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम स्थल लगभग 6 एकड़ क्षेत्रफल में फैली थी जिसमें यज्ञशाला एवं प्रवचन पंडाल के साथ विशेष आकर्षक के रूप में सप्तक्रांति चित्र प्रदर्शनी, सप्तऋषि, वेदमाता गायत्री, हनुमान, शिवलिंग, गणेश, भारत माता, छग महतारी झांकी, साहित्य स्टॉल, संस्कारशाला, मां भगवती भोजनालय, चिकित्सा शिविर, स्वावलंबन बिक्री स्टॉल आदि स्थापित थी।चार दिवसीय महायज्ञ आयोजन में प्रमुख रूप से पूर्व गृहमंत्री, ताम्रध्वज साहू, सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक दयाराम साहू, जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्राकर, जनपद पंचायत सभापति राकेश हिरवानी सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने यज्ञ भगवान का आशीर्वाद लिया एवं सफल आयोजन के लिए बधाई दी।कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार दुर्ग भिलाई उपजोन, जिला व ब्लॉक समिति, यज्ञ आयोजन समन्वय समिति, निगरानी समिति, यज्ञ आयोजन के सभी 30 विभाग एवं क्लस्टर प्रभारी, कोड़िया, हनोदा, धनोरा, पिसेगांव, खम्हरिया, जजंगिरी, पुरई, उतई, पोटिया, रिसाली, कुथरेल, अंडा, कसारीडीह सहित क्षेत्र के गायत्री प्रज्ञापीठ, अष्टविजय मूर्तिकला केंद्र, तुमन आर्ट्स, गोलू टेंट हाउस निकुम, गोमती केटरिंग, श्रीराम टेंट कोड़िया, मनीष किराना धनोरा, आसपास के सभी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत दुर्ग सहित पुरई व रसमड़ा स्कूल राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### दुलारदाई डोंगरी में दो व्यक्तियों ने खुदकुशी की

**डोंगरगांव 1 जनवरी।** 31 दिसंबर को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आमगांव एवं बीजेपार के मध्य स्थित दुलारदाई डोंगरी में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा फांसी के फंदे मे लटक कर आत्महत्या कर लिया हैं कि सूचना तस्दीक हेतु थाना डोंगरगांव मे पुलिस टीम गठित कर टीम को लेकर मौके पर पहूंचा सूचना सही पाया , जिसमे दो अज्ञात व्यक्ति पेंड़ पर स्कार्फ का फंदा बनाकर फांसी मे लटक कर आत्महत्या कर लिया हैं , शव पुरी तरह से सड़ी गली अवस्था में होने से शव का पहचान नही हो पायी हैं , शव पुरी तरह कंकाल मे तब्दील हो गया हैं । दोनो पैंट शर्ट पहने हुये हैं । घटना स्थल थाना डोंगरगांव से दक्षिण पश्चिम दिशा मे लगभग 11 किमी. की दुरी पर स्थित हैं । उक्त मामले मे थाना डोंगरगांव मे मर्ग कायम कर जांच कार्यावाही मे लिया गया हैं ।



### राज्य में 86.42 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर, 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 86.42 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 17.50 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 19 हजार 415 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। धान उठाव के लिए 58.35 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध अब तक 32.57 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 31 दिसम्बर को 63,831 किसानों से 2.87 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 84 हजार 702 से अधिक टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 74 हजार 761 टोकन जारी किए गए हैं।

### मनरेगा के तहत ग्राम परसतराई में बना मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय

**धमतरी 1 जनवरी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की शुरूआत वर्ष 2005 से की गई है। इस योजना के तहत गरीब परिवारों को वर्ष में कम से कम 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध करा कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाता है। इस योजना के अंतर्गत डबरी, निर्माण, तालाब निर्माण एवं गहरीकरण कार्य, कुंआ निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, भूमि सुधार कार्य, मुर्गी शेड निर्माण, बकरी शेड निर्माण, पशु शेड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.) में 90 दिनों का मजदूरी भुगतान, डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण, स्वसहायता समूह के महिलाओं के लिए वर्कशेड निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड निर्माण कार्य, महतारी सदन सहित मुक्तिधाम निर्माण कार्य भी कराये जाते हैं। शासन के मंशानुरूप जिले के सभी ग्राम पंचायतों में हिन्दू धर्मावलंबी के शवों के अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम का निर्माण किया जा रहा है। पूर्व में मुक्तिधामों में सुविधाएं नहीं होने से बरसात के दिनों में शव का अंतिम संस्कार करने में काफी दिक्कतें आती थी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत परसतराई में वित्तीय वर्ष 2022-23 में राशि 6.33 लाख रुपए की लागत से मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय निर्माण कार्य किया गया। शेड के निर्माण होने से ग्रामीणों को शव का अंतिम संस्कार करने में आसानी हो रही है। ठंड, बरसात, गर्मी के दिनों में अंतिम संस्कार करने में भी घंटों इंतजार करना पड़ता था जो अब नहीं करना पड़ता। मुक्तिधाम के समीप परिजनों व ग्रामीणजनों के बैठने के लिए प्रतिक्षालय का निर्माण किया गया है। बता दें कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत परसतराई में मुक्तिधाम का निर्माण किया गया है जिसमें लागत राशि 6.33 लाख रूपये आयी है। इस संबंध में सरपंच श्री परमानंद आडिल ने बताया कि मरनेगा योजना के तहत मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय निर्माण कार्य कराया गया है। गांव में जल संरक्षण के कार्य सहित ग्रामीणों के जीवन स्तर में बदलाव हेतु सामुदायिक उपक्रम के कार्य कराये गये हैं। साथ ही पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वृहद वृक्षारोपण का कार्य कराये गये हैं। इससे पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। वहीं बुनियादी ढांचे के भी कार्य कराये गये।

### छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम वार्षिक परीक्षा-25 की समयसारिणी जारी

**रायपुर, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम द्वारा पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा की मुख्य परीक्षा 2025 एक मार्च से प्रारंभ होकर 26 मार्च तक चलेगी। 11वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाएं एक मार्च से तथा 9वीं और 10वीं की परीक्षाए 3 मार्च से शुरू होंगी। ये परीक्षाएं प्रातः 9 बजे से दोपहर 12ः15 तक आयोजित की जाएगी। प्रायोगिक परीक्षा अवकाश के दिनों में भी ली जाएंगी। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (09 वी) की मुख्य परीक्षा 3 मार्च को अनिवार्य व्याकरण एवं साहित्यम, 5 मार्च को पौरोहित्यम्, ज्योतिष शास्त्रम्, प्रवचनम्, योगदर्शनम् और आयुर्वेद, 7 मार्च को नव्य व्याकरणम्, प्राच्य व्याकरणम्, शुक्ल यजुर्वेद, अथर्ववेद, साहित्यम्, ज्योतिषम्, पुराणेतिहासम् और दर्शनम्, 11 मार्च को हिंदी एवं अंग्रेजी, 17 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 21 मार्च को गणित, 24 मार्च को विज्ञान की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# जिले के बंद पड़े खदानों में केज कल्चर से मछली पालन लोकप्रिय होने के साथ ही है फायदेमंद भी

**राजनांदगांव 1 जनवरी।** जिले के बंद पड़े खदानों में केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन का कार्य नवाचार के तौर पर लोकप्रिय एवं फायदेमंद साबित हो रहा है। बंद खदानों का जलस्रोत आजीविका का आधार बना है और मछली पालन केज तकनीक के जरिये मत्स्य पालक स्वावलंबी बन रहे है। केज कल्चर से 150 लोगों को रोजगार मिला है, वही मत्स्य पालकों के लिए आर्थिक दृष्टि से लाभप्रद साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछली पालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत जिले में ग्राम जोरातराई में बंद पड़े खदानों में 9 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत से 18 इकाई कुल 324 केज लगाए गए हैं। समूह की महिलाओं द्वारा यहां आधुनिक तकनीक केज कल्चर के माध्यम से जिले में किए जा रहे मत्स्य पालन से लगभग 150 लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। केज कल्चर में तीव्र बढ़वार वाली मत्स्य जैसे की पंगेसियस, तिलापिया का पालन किया जा रहा है। प्रति केज हितग्राही को 2.5 टन से 3.0 टन मत्स्य उत्पादन प्राप्त होगा एवं लगभग 6 हजार रूपए से 8 हजार रूपए तक प्रति केज आमदनी प्राप्त हो रही है। प्रति केज इकाई लागत 3 लाख रूपए एवं 60 प्रतिशत अनुदान राशि 5 करोड़ 83 लाख 20 हजार रूपए प्रदान किया गया है। ग्राम मुढ़ीपार स्टेशन पारा निवासी श्रीमती पूर्णिमा साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत जय मां संतोष महिला स्वसहायता समूह मुढ़ीपार की महिलाओं को केज कल्चर के तहत मत्स्य पालन कार्य से जुडने से बहुत फायदा हो रहा है। इससे समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। महिलाओं ने आजीविका मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।



उल्लेखनीय है कि जिले में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए केज कल्चर तकनीक का उपयोग कर मछली उत्पादन शुरू किया गया है। केज कल्चर को नेट पेन कल्चर भी कहा जाता है। इसके लिए जोरातराई खदान का चयन किया गया है। केज कल्चर मछली पालन की एक ऐसी तकनीक है, जिसमें जलाशय में एक निर्धारित स्थान पर फ्लोटिंग केज यूनिट बनाई जाती है। सभी यूनिट एक दूसरे से जुड़ी होती हैं। एक यूनिट में चार बाड़े होते हैं। एक बाड़ा 6 मीटर लंबा, 4 मीटर चौड़ा और 4 मीटर गहरा होता है। बाड़े के चारों ओर प्लास्टिक का मजबूत जाल होता है। इसे कछुए या अन्य जलीय जीव काट नहीं सकते। पानी में तैरते इसी जाल के बाड़े में मछली पालन किया जाता है। इन जालों में उंगली के आकार की मछलियों को पालन के लिए छोड़ दिया जाता है। मछलियों को रोजाना दाना डाला जाता है।

## दिव्यांग दम्पत्तियों को दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि का दिया चेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 जनवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने प्रत्येक मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे चार दिव्यांग दम्पत्तियों को दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कुल 3 लाख 50 हजार रूपए का प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम आउरदा निवासी श्री बृजकुमार यादव एवं पत्नी श्रीमती अमरबत्ती यादव दोनों दिव्यांग होने पर 1 लाख रूपए का चेक प्रदान किया। इसी तरह डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मक्काटोला निवासी श्री प्रदीप टंडन एवं पत्नी श्रीमती कांतिबाघे टंडन और ग्राम नागतराई निवासी श्री राजेन्द्र कुमार टंडन एवं पत्नी श्रीमती प्रेमबत्ती टंडन को एक-एक लाख रूपए का प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम गुंगेरी नवागांव निवासी श्रीमती किरण कंवर एवं पति श्री खेदूराम कंवर को एक व्यक्ति दिव्यांग होने पर 50 हजार रूपए का प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने दिव्यांग दम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 के प्रावधानों में समान अवसर की व्यवस्था सुनिश्चित करने दिव्यांग व्यक्तियों के लिये विवाह प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई हैं।



# आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं के लिए वरदान साबित हो रहा मरस पोटा धाम

- आज नव वर्ष को 12 ज्योतिलिंग भव्य अभिषेक
- जय मां महाकाली,भव्य हनुमान,विशाल नंदी महाराज,शनिदेव, कछुआ बना आकर्षण का केंद्र

**राजनांदगांव 1 जनवरी।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा स्थित बाबा मरस पोटा धाम आर्थिक रूप से कम कन्याओं के परिजनों के लिए वरदान साबित हो रही है कन्या विवाह यह धुमधाम से किया जाता है नव वर्ष के अवसर पर 12 ज्योतिलिंग अभिषेक का आयोजन किया गया हैं बाबा मरस पोटा धाम में 21 फीट भव्य हनुमान जी/17 फीट जय मां महाकाली 18 फीट नंदी 12 ज्योतिलिंग/शनि देव/विशाल कछुआ/गणपति जी मूर्ति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है धाम कन्या विवाह बड़ी धूमधाम से किया जाता है समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के कन्याओं को यह नहीं लगाना चाहिए कि आर्थिक तंगी के कारण शादी नियम से नहीं हुई इस लिए हमारी कन्या विवाह समिति बनाई गई है कन्या विवाह में जय माता सेटअप/हल्दी/ फेरा /बारात स्वागत/बराती ओ के लिए भोजन प्रसादी समिति द्वारा की जाती है बाबा मरस पोटा धाम में क्वांर एवं चैत्र नवरात्र/11 दिन गणपति/1 माह सावन माह साहित हनुमान जन्मोत्सव/महाशिवरात्रि/तीज त्यौहार/ कन्या विवाह सहित अन्य पर्व में भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाता है बाबा मरस पोटा धाम में 41 फीट ऊंचा भव्य त्रिशूल निर्माण कार्य जारी है 35 सौ गोल परिक्रमा के लिए चबुतरा निर्माण कार्य किया गया 30 फीट कालम ढ़लाई कार्य पूर्ण हो चुकी है बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव/अध्यक्ष दिलीप साहु/ राजकुमार देवांगन/रवि साहु/विकास लिमजा/नीलकंठ यादव/संजय यादव/ पुरषोत्तम साहु/प्रताप साहु/ थरवेतन/चंदा निषाद/अर्जुन/गांधी साहु सहित बाबा मरस पोटा धाम समिति के सदस्यों ने नववर्ष के अवसर पर आयोजित भक्ति मय कार्यक्रम में भाग लेने की अपील भक्तों से की है।



### कलेक्टर जनदर्शन में 11 आवेदन प्राप्त, समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**मोहला 1 जनवरी।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतो, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर जनदर्शन में आज 11 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर जनदर्शन में आज मोहला विकासखंड के ग्राम पंचायत गोटाटोला के किसान श्री देवीलाल निषाद ने धान खरीदी उपार्जन केन्द्र गोटाटोला में तीन-तीन बार टोकन द्वारा समय मिलाने के उपरांत भी धान बिक्री नहीं होने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। इसी प्रकार ग्राम मक्के निवासी श्रीमती बुधियारिनबाई ने आवास प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। इसी प्रकार मोहला निवासी श्री दीपक कुमार सिन्हा ने आवास प्लाट का बेजा कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन दिया। इसी प्रकार मानपुर विकास खंड के अंतर्गत मानपुर निवासी श्रीमती मीना बाई ने मानपुर प.ह.न. 12 के प्रशांत धुर्वे पटवारी के ऊपर कार्यवाही कर मानपुर से हटाया जाने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। इसी प्रकार खड़गांव निवासी श्री महादेव कोरेटी ने अवैध पट्टा एवं गैर कानूनी कार्य करने वाले कर्मचारी-अधिकारी ऊपर कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन दिया।

## समाचार संक्षेप

### क्षेत्रवासियों से आशीर्वाद लिया रोशनी ने



**राजनांदगांव 1 जनवरी।** जनपद पंचायत राजनांदगांव जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव ने ग्राम धामनसरा के राजीव युवा मितान क्लब साथियों को बस्तर धरोहर संस्कृति के दर्शन तीन दिवसीय यात्रा पर तीरथगढ़ जलप्रपात चितकुट जलप्रपात कुतुमसर गुफा ढोलकर पहाड़ गणेश मूर्ति बारसूर मांमा भांजा मंदिर मां दंतेश्वरी मंदिर पुजा अर्चना कर क्षेत्र सुख समृद्धि वैभव कामना किया भूषण उइके घना राम पटेल गंगा पटेल किरण निषाद राधिका पटेल कु कंचन कु भारती पटेल निषाद देवकी निषाद मोतिम उइके शामिल रहा

### लखपति दीदी रूणा गुप्ता गांव की महिलाओं को कर रहीं प्रेरित



**रायपुर, 1 जनवरी।** केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बगीचा ब्लॉक के ग्राम झिक्की की रहने वाली श्रीमती रूणा गुप्ता इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं। बिहान योजना और मुद्रा लोन का लाभ उठाते हुए, उन्होंने डेयरी व्यवसाय शुरू किया और आज वह लखपति दीदी बनकर गांव की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं। सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली श्रीमती रूणा का सपना था कि वह अपने पैरों पर खड़ी होकर अपने परिवार का सहारा बनें। अपने इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने बिहान योजना के तहत साई स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपना सफर शुरू किया। समूह के माध्यम से उन्हें अब तक बैंक से 4.50 लाख रुपए का सहयोग मिला, जिससे उन्होंने दो साहीवाल और एक एच.एफ नस्ल की गाय खरीदी और डेयरी व्यवसाय की शुरुआत की। डेयरी व्यवसाय से मुनाफा कमाने के बाद श्रीमती रूणा ने मुद्रा लोन के तहत एक लाख रुपए का लोन लेकर एच.एफ नस्ल की एक और गाय खरीदी। वर्तमान में उनके पास चार गायें हैं, जिनसे प्रतिदिन 22 लीटर दूध का उत्पादन होता है। दूध के साथ-साथ दही और पनीर बनाकर विक्रय करने से उन्हें हर माह लगभग 24 हजार रुपए की आय हो रही है। गायों के चारा, देखभाल और लोन चुकाने के बाद भी वह हर महीने 9 हजार रुपए का शुद्ध लाभ कमा रही हैं। डेयरी व्यवसाय से मिले अनुभवों का उपयोग करते हुए श्रीमती रूणा अब पशु क्रेडिट का कार्य भी कर रही हैं। वह बीमार गायों की देखभाल, इलाज और टीकाकरण का काम करती हैं, जिससे उन्हें हर माह अतिरिक्त 2 हजार रुपए की आमदनी हो जाती है। श्रीमती रूणा अपने इस सफर को बेहद खास मानती हैं। उन्होंने बताया कि इस आय से वह अपने बच्चों की पढ़ाई और परिवार की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। खेती में भी उनका योगदान है। इसके साथ ही वह अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही हैं। श्रीमती रूणा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहान योजना और सरकार की अन्य योजनाओं की मदद से ही वह आज इस मुकाम पर पहुंच पाई हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें महतारी वंदना योजना का भी लाभ मिला है। श्रीमती रूणा गुप्ता का यह सफर गांव की महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक कहानी है, मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी व्यक्ति आत्मनिर्भर बन सकता है।

### तीरंदाज़ी में पूर्वी उत्तरप्रदेश का जलवा 12 में से चार पदक जीते

**रायपुर 1 जनवरी।** 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता में हुए तीरंदाज़ी के मुकाबलों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के तीरंदाज़ों का जलवा रहा। कर्नाटक की बालिका तीरंदाजों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों ने ट्रॉफी और मेडलों के साथ अपनी खेल भावना और व्यवहार से आयोजकों सहित साथी खिलाड़ियों का दिल भी जीत लिया। पूर्वी उत्तरप्रदेश के तीरंदाज़ों ने कुल बारह में से चार पदक जीते हालांकि पूर्वी उत्तरप्रदेश के तीरंदाज किसी भी वर्ग में स्वर्ण पदक नहीं पा सके परंतु जूनियर बालक और सब जूनियर बालक वर्ग में इन खिलाड़ियों ने सिल्वर और ब्रांज मेडल प्राप्त किया। तीरंदाजी की जूनियर बालक वर्ग की प्रतिस्पर्धा में राजस्थान के हिमेश बरांडा ने 643 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। पूर्वी उत्तर प्रदेश के आदित्य सिंह ने 637 अंक लेकर रजत और हीरा सिंह ने 626 अंक प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। सब जूनियर बालक वर्ग में उत्तरबंगाल के सकनोन लेपचा ने 664 अंकों के साथ स्वर्ण और पूर्वी उत्तरप्रदेश के दीपक ने 661 अंक लेकर रजत तथा इंद्रदेव कुमार ने 651 अंक प्राप्त कर ब्रांज मेडल जीता। जूनियर बालिका वर्ग में उड़ीसा की मंजुलता ने 563 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

## कलेक्टर ने कृषि उत्पाद संगठन के प्रतिनिधियों एवं अन्य अधिकारियों की बैठक ली

**राजनांदगांव 1 जनवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिला पंचायत सभाकक्ष में साथी बाजार के संबंध में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि उत्पाद संगठन के प्रतिनिधियों एवं अन्य अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहीं। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि कृषि उपज मंडी में साथी बाजार विकसित किया जाएगा। इसके माध्यम से किसानों तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए एक मार्केट मिलेगा। उन्होंने कहा कि साथी बाजार जिला प्रशासन एवं एफसीसी तथा संकुल संगठन द्वारा संचालित होगा। यहां समूह की महिलाओं को मार्केट उपलब्ध करान की पहल की गई है। जहां वे स्थानीय स्तर पर बनाए हुए उत्पादों की बिक्री, प्रसंस्करण, पैकेजिंग जैसे कार्य कर सकेंगे। दुकान एवं कोल्ड स्टोरेज जैसी सुविधा भी होगी। उद्यमिता के विकास के लिए लघु उद्यम को बढ़ावा देने हेतु शून्य लागत पर किराए की जगह प्रदान की जाएगी। किसानों तथा समूह की महिलाओं की आय को बढ़ाने की दिशा में एक अच्छी पहल की गई है। समूह की महिलाओं द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाएं गए उत्पाद मसाले, आचार, अगरबत्ती, डिटर्जेन, मिलेट्स जैसे प्रोडक्ट यहां उपलब्ध रहेंगे। यहां एक सुपर मॉल होगा जहां 25 प्रतिशत जगह समूह की महिलाओं के लिए होगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने साथी बाजार के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साथी बाजार में कृषक एवं एफपीओ सीधे ग्राहक को बाजार दर पर अपने प्रोडक्ट बिक्री कर सकेंगे। इस अवसर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के श्री पिनाकी सहित अन्य प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।




## कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**मोहला 1 जनवरी।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व विभाग के कामकाजों की समीक्षा की। समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आम जनता की समस्याओं को ध्यान से सुनने के साथ राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए ताकि निर्धारित समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने सीमांकन, डायवर्सन, अविवादित, विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, त्रुटि सुधार, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों, वन अधिकार पट्टा, आदि सभी राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर निराकरण प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को राजस्व प्रकरणों की निराकरण हेतु किसी भी स्थिति में परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों, विशेषकर पटवारियों और राजस्व अमले की बैठक आयोजित करें। बैठक में कार्यों की गुणवत्ता सुधारने, दस्तावेजों के सही अद्यतन सुनिश्चित करने और कार्यों को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की जाए। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे इस प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूरा करें। बैठक के दौरान अधिकारियों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि जनहित के मामलों में तेजी लाने के लिए समर्पण और सजगता आवश्यक है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मोहला डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर श्री अविनाश ठाकुर सहित सभी राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

■ अटल परिसर और नालंदा परिसर के काम में तेजी लाने और उत्कृष्ट निर्माण के निर्देश

# साफ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाएं छत्तीसगढ़ के शहरों को:अरुण साव

**रायपुर 1 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में सभी नगरीय निकायों को अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रियाएं 10 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्रदेशभर के नगरीय निकायों में 353 नए पद मंजूर किए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को रोजाना वार्डों का भ्रमण कर निर्माण कार्यों, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों में बन रहे अटल परिसरों और नालंदा परिसरों के काम में तेजी लाने और इनके उत्कृष्ट निर्माण के निर्देश दिए। श्री साव ने अधिकारियों को गंभीरता और सक्रियता से काम करते हुए राज्य के शहरों को साफ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने को कहा। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., विशेष सचिव श्री आर. एक्का और संचालक श्री कुंदन कुमार भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने समीक्षा बैठक में सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए अच्छी गुणवत्ता की उत्कृष्ट मूर्ति स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अटल परिसर का इस तरह निर्माण करें कि शहर में इसकी विशेष पहचान और दर्शनीय स्थल बनें। उन्होंने प्रदेश के 12 शहरों में बनाए जा रहे नालंदा परिसर के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र काम प्रारंभ करने को कहा। श्री साव ने अधिकारियों से कहा कि नालंदा परिसर का शानदार और आइकॉनिक निर्माण होना चाहिए। नालंदा परिसर और अटल परिसर का निर्माण सरकार के महत्वाकांक्षी कार्य हैं। उन्होंने आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को खुद इनकी मॉनिटरिंग करने और प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में अधोसंरचना मद और 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कार्यों के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अमृत मिशन 2.0, एसटीपी निर्माण और आकांक्षी शौचालयों के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को रोजाना प्रातः भ्रमण कर निर्माण कार्यों, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने 01 जनवरी से ही इसकी शुरूआत कर शहरों में प्रकाश और सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करने को कहा।



## संपादकीय

# वापसी की कोशिश और विरोध भी

हर राजनीतिक दल में चुनाव के पहले पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने, निर्दलीय चुनाव लड़ने, पार्टी प्रत्याशी को चुनाव में हराने के आरोप में, दूसरी पार्टी में जाने का सिलसिला शुरू होता है,चुनाव के समय ऐसे लोगों को पार्टी से निकाल दिया जाता है, यह चुनाव के समय पार्टी के खिलाफ काम करने की सजा होती है।चुनाव समाप्त होने के बाद इसी तरह हर राजनीतिक दल में पार्टी छोड़कर गए या पार्टी से निकाले गए लोग चुनाव के बाद पार्टी में वापसी की कोशिश भी करते हैं। कई लोग दूसरी पार्टी में जाने की कोशिश करते है कई चले भी जाते है लेकिन दूसरी पार्टी में ज्यादा तवज्जो नहीं मिलने पर कई लोग अपनी पुरानी पार्टी में वापसी का प्रयास करते हैं, कई लोगों को लगता है कि कांग्रेस ही उनके लिए ठीक है, इसलिए वह कांग्रेस में वापसी का प्रयास करते हैं। कांग्रेस में चुनाव के एक साल बाद कई लोग वापसी का प्रयास कर रहे हैं तो पार्टी में मौजूद उनके विरोधी उनकी वापसी का विरोध कर रहे हैं। इसमें एक मामले में सबकी नजर है, यह मामला है रेणु जोगी परिवार का। रेणु जोगी चाहती हैं कि उनकी पार्टी का विलय कांग्रेस में हो जाए। सवाल उठना स्वाभाविक है कि रेणु जोगी अजीत जोगी की कांग्रेस से अलग होकर बनाई पार्टी का विलय कांग्रेस में क्यों चाहती है, क्योंकि वह पार्टी चला नहीं पा रही है, पार्टी के नेता भी दूसरी पार्टी में चले गए हैं। पार्टी ने गत विधानसभा चुनाव भी लड़ा था जिसमें पार्टी को कोई खास सफलता नहीं मिल पाई थी। अमित जोगी ने भूपेश बघेल के खिलाफ चुनाव भी लड़ा था। और भी कई कारण हो सकते हैं जोगी परिवार के कांग्रेस में वापसी के। इसके लिए रेणु जोगी ने आवेदन दे दिया है।इस पर तथा अन्य कुछ नेताओं की कांग्रेस वापसी पर निर्णय लेने के लिए एक समिति बनाई गई है। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित कई नेता शामिल हैं। इस समिति में पूर्व सीएम भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव शामिल नहीं हैं। ऐसे भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव का इस मामले में क्या रुख होगा यह भी देखने योग्य होगा। माना जा रहा है कि समिति अगर कोई निर्णय ले भी लेती है तो अंतिम निर्णय कांग्रेस आलाकमान द्वारा ही लिया जाएगा और इस मामले में भूपेश बघेल व सिंहदेव की सहमति भी ली जाएगी। रेणु जोगी तो चाहती हैं कि उनकी पार्टी का कांग्रेस में विलय हो जाए, इसके लिए वह पूरी कोशिश कर रही है, अमित जोगी ने पिछले चुनाव में भूपेश बघेल के खिलाफ चुनाव लड़ा था, इस पर उन्होंने कहा है कि अमित का यह निर्णय गलत था। जब अमित ने यह निर्णय लिया था, तब वह कोटा में अपने चुनाव में व्यस्त थीं। उन्होंने कहा है कि वह जल्द ही इस मामले में भूपेश बघेल से मुलाकात करेंगी। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है। उनकी पार्टी के विलय का भूपेश बघेल व सिंहदेव विरोध नहीं करेंगे। माना जाता है कि अजीत जोगी की पार्टी के कांग्रेस में विलय के लिए सिंहदेव तो एक बार तैयार हो सकते हैं लेकिन भूपेश बघेल इसके लिए शायद ही तैयार हो। वह और अजीत जोगी एक दूसरे कट्टर विरोधी रहे हैं। कांग्रेस में भूपेश बघेल के उदय के साथ ही अजीत जोगी को कांग्रेस छोड़नी पड़ी थी और नई पार्टी बनानी पड़ी थी, वह नई पार्टी बनाकर कांग्रेस को हराना चाहते थे, सत्ता में नहीं आने देना चाहते थे। लेकिन भूपेश बघेल की किस्मत व मेहनत रंग लाई और कांग्रेस सत्ता में आई। इसके बाद भूपेश बघेल अजीत जोगी व उनकी पार्टी के विरोधी बने रहे। जोगी परिवार की राजनीति को उनके ही क्षेत्र में समाप्त भी उन्होंने किया। ऐसे में वह क्यों चाहेंगे कि जिनका विरोध उन्होंने किया है, वह कांग्रेस में आएं। रेणु जोगी के अलावा बृहस्पति सिंह, अजीत कुकरेजा व आनंद कुकरेजा जैसे नेता भी कांग्रेस में वापसी के लिए प्रयास कर रहे हैं। बृहस्पति सिंह ने विधायक रहते हुए टीएस सिंहदेव से जान का खतरा होने का आरोप लगाया था।इसके अलावा कई बार विवादित बाते भी कहीं थी। कांग्रेस वापसी के लिए हाल ही में बृहस्पति सिंह ने सिंहदेव से माफी भी मांगी लेकिन सिंहदेव ने साफ कर दिया है कि वह माफ करने वाले नहीं है। ऐसे में बृहस्पति सिंह की कांग्रेस में वापसी संभव नहीं लग रही है। इसी तरह पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने अजीत कुकरेजा व आनंद कुकरेजा की कांग्रेस वापसी के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर बताया है कि आनंद कुकरेजा व अजीत कुकरेजा कई बार कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव में काम कर चुके हैं। पहले 2013 के चुनाव में पिता पुत्र ने उनके खिलाफ काम किया था, इसके बाद 2018 में भी यही किया था।2023 में तो कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़कर कांग्रेस प्रत्याशी को हराने में प्रमुख भूमिका निबाही। कुलदीप जुनेजा ने यह आरोप लगाकर आनंद कुकरेजा व अजीत कुकरेजा के कांग्रेस में आने का रास्ता बंद सा कर दिया है कि आनंद कुकरेजा व अजीत कुकरेजा दोनों शहर में घूम घूम कर कह रहे हैं कि कांग्रेस में तो हम जब चाहे पैसे के दम पर वापस आ सकते हैं, चुनाव में टिकट भी खरीद सकते हैं। जुनेजा ने कहा है कि आखिर कांग्रेस में ऐसा कौन सा व्यक्ति है जो उनसे पैसा लेकर कांग्रेस में उनकी वापसी कराना चाहता है। पहले तो इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। कुलदीप जुनेजा और कुकरेजा परिवार एक तरह से एक दूसरे के घोर विरोधी रहे हैं। कुकरेजा परिवार 13 से विधानसभा की टिकट के लिए प्रयास कर रहा है, कुलदीप जुनेजा के विरोध के कारण उसको टिकट नहीं मिली। वह समझ गया था कि कुलदीप के विधायक रहते तो टिकट नहीं मिल सकती, इसे पहले हराना पड़ेगा, यही उसने किया हैऔर अब वह कांग्रेस में वापसी के लिए जितना जोर लगा रहे हैं, कुलदीप उनके कांग्रेस प्रवेश का उतना ही कड़ा विरोध कर रहे हैं। यह कहकर उन्होंने कांग्रेस में अजीत कुकरेजा व आनंद कुकरेजा का कांग्रेस प्रवेश मुश्किल कर दिया कि कांग्रेस में कोई है जो पैसा लेकर उनका कांग्रेस प्रवेश करा रहा है। उन्होंने इसकी जांच की मांग की है। यदि जांच नहीं होती है और अजीत कुकरेजा व आनंद कुकरेजा का कांग्रेस प्रवेश हो जाता है तो इस बात की चर्चा तो होगी कि कांग्रेस में उसका प्रवेश हुआ तो जरूर पैसा लेकर हुआ है। यानी यदि अजीत कुकरेजा व आनंद कुकरेजा को कोई कांग्रेस में प्रवेश दिलाने की भी सोच रहा होगा तो वह यह सोचकर रुक जाएगा कि मुझ पर आरोप लगेगा कि मैंने पैसा लेकर अजीत व आनंद कुकरेजा का कांग्रेस प्रवेश कराया है।कोशिश तो दोनों तरफ से जारी है, वक्त बताएगा कि सफल कौन हुआ।

निर्मल रानी

# अपनी मौत की भविष्यवाणी कितनी सटीक कितनी गलत ?



यह एक आम परन्तु सही व स्थापित धारणा है कि कोई भी व्यक्ति अपने भविष्य के बारे में पूरे दावे के साथ कुछ भी नहीं कह सकता। खासतौर पर मृत्यु के बारे में तो कोई भी नहीं जानता कि उसकी मौत कब,किस क्षण,किस जगह और किन परिस्थितियों में व किन कारणों से आनी है। परन्तु इसी संसार में अपवाद स्वरूप कुछ गिनी चुनी ऐसी हस्तियां भी हुई हैं जिन्होंने जहाँ अनेकानेक विश्वस्तरीय व चौंकाने वाली भविष्यवाणियां तो की ही हैं साथ ही अपनी मृत्यु की भी सटीक भविष्वाणी कर दुनिया के उस वर्ग को हैरानी में डाल दिया जो वर्ग यह दृढ़ विश्वास करता था की 'किसी को भी अपने मरने का समय नहीं पता '। जिन लोगों ने अपने मरने के सही समय की मृत्यु से पहले ही भविष्यवाणी की थी उनमें एक नाम महान फ्रेंच एस्ट्रोलॉजर नास्त्रेदमस का है। कहा जाता है कि अपनी मृत्यु से एक दिन पूर्व नास्त्रेदमस ने अपने सचिव को बता दिया था। कि 'कल सूर्योदय के समय मैं तुम्हें जिंदा नहीं मिलूंगा'। और वही हुआ,जब अगले दिन का सूर्योदय हुआ तो नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी सही साबित हुई और वे सूर्योदय से पहले ही मृत्युलोक को प्रस्थान कर चुके थे। इसी तरह बाबा वेंगा के बारे में भी यही कहा जाता है कि उन्होंने भी अपने मरने से काफी पूर्व अपनी मृत्यु की तिथि व समय घोषित कर दिया था। जो बिल्कुल सही साबित हुआ।

इसी तरह हमारे देश में चंडीगढ़ स्थित राम दरबार नामक एक प्रसिद्ध सूफी स्थान है। यहाँ की गद्दीनशीन माता राम बाई जी 'अम्मी हुजूर ' अत्यंत प्रसिद्ध,प्रतिष्ठित व प्रभावी फकीर थीं। देश विदेश में तथा नौकरशाही व फिल्म जगत में उनके काफी मुरीद थे और अभी भी हैं। 'अम्मी हुजूर ' ने अपने वारिस,गद्दीनशीन शहजादा पप्पू सरकार को अन्य भक्तजनों की उपस्थिति में अपनी मृत्यु से छः महीने पूर्व ही यह बता दिया था कि उनका देहावसान 20 जनवरी 1983 को होगा। और उन्होंन अपने वारिस पप्पू सरकार को ही यह वसीयत भी की थी कि 'मैं इस जगह ( दरबार में ) परलोक सिधारूंगी और इस स्थान पर तुम अपने हाथों से मेरा अंतिम संस्कार करना।और सब कुछ उसी तरह हुआ। आज भी 14 से 20 जनवरी तक उसी स्थान पर 'अम्मी हुजूर ' की याद में उनका साप्ताहिक विशाल उर्स विशाल आयोजित होता है।

परन्तु यह तो चंद ऐसे लोगों की अपनी मृत्यु सम्बन्धी भविष्यवाणियां हैं जिन्हें जानकर लोग आश्चर्यचकित होते हैं। परन्तु आम जीवन में भी तमाम लोग ऐसे मिल जाते हैं जो बिना कुछ जाने बुझे,बिना किसी तर्क व तथ्य के इस तरह की बातें करते रहते हैं। सीधे शब्दों में प्रकृति की व्यवस्था पर भी अपना नियंत्रण बताने जैसे भद्दा प्रयास करते हैं। ऐसे ही मेरे एक पारिवारिक सम्बन्धी थे श्याम लाल जी। बेहद चुस्त दुरुस्त व साफ सुथरे रहने वाले



श्याम लाल जी 75 वर्ष की आयु में साईकिल चलाकर लगभग प्रतिदिन मेरे घर आते थे। एक बार बातों बातों में उनके मुंह से निकला कि '100 साल तक तो मैं कहीं नहीं जाता। मेरी बात नोट कर लो'। इसके पहले उन्होंने कभी इस तरह की बात नहीं की थी। इस भविष्यवाणी के बाद श्यामलाल जी पूरा एक वर्ष भी नहीं गुजार सके और चल बसे। पिछले दिनों ऐसा ही एक दावा उस समय चर्चा में आया जबकि 89 वर्ष की आयु में हरियाणा के 5 बार मुख्यमंत्री रहे चौधरी ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया। अभी कुछ महीने पहले ही हरियाणा का विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ है। चुनाव में उन्होंने काफी सक्रिय भूमिका निभाई थी। चुनाव से पहले उन्होंने खुद को स्वस्थ बताया था और न केवल सार्वजनिक सभाओं में बल्कि मीडिया से निजी बातचीत के दौरान भी कहा था कि मैं पूरी तरह स्वस्थ हूँ और मैं 115 साल तक जिऊंगा। परन्तु गत 20 दिसंबर को जब 89 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने नश्वर शरीर को त्यागा उस समय जहां उनके राजनैतिक जीवन व हरियाणा के विकास के लिये उनके द्वारा किये गए कार्यों को याद किया जा रहा था वहीँ उनकी मृत्यु सम्बन्धी भविष्यवाणी को भी लोगों ने याद किया कि वह किस तरह गलत साबित हुई।

अब एक बार फिर इसी तरह की अपनी ही मृत्यु की भविष्यवाणी को लेकर तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा का नाम चर्चा में आया है। गत दिनों हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मंदिर में दलाई लामा की दीघार्यु के लिए एक प्रार्थना सभा आयोजित की गयी। इसे संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि वह 100 से 110 वर्ष की आयु तक जीवित रहेंगे। ₹मेरा पूरा जीवन बौद्ध धर्म के प्रति समर्पित रहा है और आगे भी ऐसे ही समर्पण की भावना से बौद्ध धर्म के प्रचार व प्रसार सहित तिब्बती समुदाय के लोकहित के प्रति काम करता रहूंगा।₹ दलाई लामा ने अपने अनुयायियों को पूरा भरोसा दिलाया कि वह 100 से 110 वर्ष की आयु तक उनकी सेवा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ₹मेरा यह आत्मबल भी है और प्रार्थना भी है। मैं इसके लिए प्रार्थना भी करता हूं कि मेरा यह प्रयास दूसरों के हितों की रक्षा करने व उनकी मदद करने को लेकर सफल हो।₹ अब देखना होगा कि 89 वर्ष की आयु में उनके 100 से 110 वर्ष की आयु तक जीवित रहने का उनका आत्मबल व उनकी प्रार्थना कितनी कारगर व सटीक साबित होती है। परन्तु वास्तविकताओं पर आधारित इन धारणाओं के बीच कि मृत्यु के बारे में कोई नहीं जानता कि उसकी मौत कब,कहाँ और कैसे आनी है। उसके बावजूद यदि अपवाद स्वरूप किसी भविष्यवक्ता,अध्यात्मवादी संत अथवा महापुरुष की ऐसे भविष्यवाणी सही हो जाये तो निश्चित रूप से उसकी भविष्यवाणी उसके व उसके अद्वितीय व्यक्तित्व के विषय में बहुत कुछ सोचने को मजबूर कर देती है। अन्यथा सामान्य लोगों को तो इस तरह की भविष्यवाणियों से परहेज ही करना चाहिये। क्योंकि ऐसी भविष्यवाणियों का सीधा सा अर्थ है उस सर्वशक्तिमान अथवा ईश्वरीय सत्ता व उसकी व्यवस्था में दखल अंदाजी की कोशिश करना जोकि सर्वथा अनुचित है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए कुछ नए अनुभवों से लाभ लेकर आएगा। आपके मन में किसी बात को लेकर भय बना रहेगा। यदि आपको किसी काम को लेकर संशय बना हो, तो आप उस काम को बिल्कुल न करें। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपको चिंता बनी रहेगी। आप किसी नए वाहन की खरीदारी की योजना बना सकते हैं। संतान से आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

वृष- आज आपको बेवजह के वाद विवाद में पड़ने से बचना होगा। जीवनसाथी से रिश्ते बेहतर रहेंगे। परिवार में भी खुशियां आएगी। रक्त संबंधी रिश्तो में मजबूती आएगी। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आप किसी अजनबी पर भरोसा न करें। आप संतान के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे और आपको अपनी अच्छी सोच को बनाए रखना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके कामों से आपको तरक्की मिलेगी, जिसे देखकर परिवार में खुशी आएंगी। आज किसी जश्न का आयोजन हो सकता है। आर्थिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देने के लिए रहेगा। पारिवारिक समस्याएं आपको परेशान करेंगी। कोई नया काम आप सोच समझकर करें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

कर्क- आज आपको सोच समझ कर सभी कामों को पूरा करना होगा। अपने अंदर ऊर्जा विराजमान रहेगी। व्यापार में भी आपको मन मुताबिक लाभ मिलेगा, जो आपको खुशी देगा। पारिवारिक रिश्तों में यदि कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आप बिजनेस के किसी काम को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं। किसी नई योजना मे आप सोच समझ कर कदम बढ़ाएं ,नहीं तो इससे आपको समस्या आएगी। विद्यार्थियों को नए साल में लापरवाही करने से बचना होगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने के कारण एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। अपने भाई की ओर से आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। कोई पुराना मित्र यदि आपसे लंबे समय बाद मिलने आए, तो आप उसमें कोई गिले शिकवे न रखें, जीवनसाथी के करियर में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा, जिससे आपका मनोबल और बढ़ेगा। धन को लेकर कोई काम यदि रुका हुआ था, तो वह भी पूरा होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी पद व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सामाजिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी, जिससे आपको एक नई पहचान मिलेगी। आप अपने भाई से यदि किसी काम को लेकर कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको मिल सकती है। यदि आपने किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने का सोचा है, तो उसके लिए आप कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।-

तुला- आज का दिन आपके लिए उन्नति के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपका मनोबल भी मजबूत रहेगा। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जिसमें उन्हें मेहनत अधिक करनी होगी। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपको बेवजह क्रोध करने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों भरा रहने वाला है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। अविवाहित जातकों के लिए कोई बेहतर रिश्ता आ सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए धैर्य व साहस से काम लेने के लिए रहेगा। परिवार मे किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करें। आप अपने साथ-साथ औरों के कामों पर भी ध्यान लगाएंगे। आपके कुछ कामों में विघ्न पैदा हो सकती हैं। आपको अपने मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपके सामने कोई बड़ा खर्चा आ सकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपको वाहनों के प्रयोग से दूरी बनाकर रखनी होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। यदि आपने अपने कामों में जल्दबाजी दिखाई, तो उसमें कोई गड़बड़ी हो सकती है। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। आपको अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह मशवरा करने की आवश्यकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ किसी कोर्स के प्रति भी रुचि जागृत हो सकती है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अत्यधिक लाभ के चक्कर में छुटपुट लाभ की योजनाओं पर ध्यान नहीं देंगे। कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके कामों में विघ्न डालने की पूरी कोशिश करेंगे, जिनके लिए आपको बुद्धि का प्रयोग करना होगा। भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। कामों में कोई नुकसान हो सकता है। आपको संतान की पढ़ाई लिखाई में कुछ समस्या आ सकती है, जिसे आपको उनके सीनियर की मदद से बातचीत करके दूर करना होगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर दबाव अधिक रहेगा। धन को लेकर भी आपको थोड़ी टेंशन रहेगी, इसलिए आपको बचत की योजनाओं पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। कोर्ट कचहरी से संबंधित मामलों में यदि आपने ढील दे रखी थी.

## ये बर्तन खत्म क्यों नहीं होते

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त


माँजने के बर्तन कभी खत्म क्यों नहीं होते ? यह सवाल कोई मामूली सवाल नहीं है, बल्कि एक गंभीर और गहरे चिंतन का विषय है। बर्तन माँजते समय यह अहसास होता है कि जैसे बर्तन का काम कभी खत्म ही नहीं होता। चाहे सुबह हो या शाम, बर्तन जैसे लगातार बढ़ते रहते हैं। यह रहस्य आज भी अनसुलझा है, और हम सभी इसके रहस्यमय संसार में डूबे रहते हैं। सबसे पहले बात करते हैं उस अदृश्य शक्ति की, जो बर्तन को बढ़ाती जाती है। बर्तन धोते वक्त हमेशा ऐसा लगता है कि बर्तन खुद को पैदा करते हैं। जैसे ही आप एक बर्तन को धोते हैं, ठीक उसी समय आपके सामने एक नया बर्तन आ जाता है। यह किसी जादू से कम नहीं लगता। एक समय था जब हम बर्तन धोते थे तो लगता था कि बस अब काम खत्म हो गया है, लेकिन नहीं, जब तक आप धोने में व्यस्त रहते हैं, एक और बर्तन खुद ब खुद सामने आ जाता है। क्या यह बर्तनों का कोई गुप्त कनेक्शन है ? क्या यह हमसे चुपके से कोई शरारत कर रहे हैं ? इसका उत्तर आज तक कोई नहीं दे पाया। अगर हम थोड़ी गहरी सोच में जाएं, तो यह सवाल और भी पेचीदा हो जाता है। बर्तन धोने के बाद अगर घर के किसी और सदस्य से कुछ खाने-पीने का आग्रह हो, तो यह मान लीजिए कि आपका काम फिर से शुरू हो गया है। जितने बर्तन पहले थे, उतने ही नए बर्तन आते जाते हैं। मानो जैसे बर्तन कभी खत्म ही न होने वाली प्रक्रिया का हिस्सा बन गए हों। घर में क्या होता है ? आपने जो बर्तन एक बार धो दिए, वह फिर से गंदे हो जाते हैं, मानो जैसे गंदगी का कोई एंटरप्राइज हो। यह सब बर्तनों की अप्रत्याशित चालबाजी है, जो किसी को भी भ्रमित कर सकती है।

और फिर आते हैं बर्तन धोने का वह खास अनुभव, जिसे हम सब कम से कम एक बार तो जरूर जी चुके हैं। बर्तन धोते समय वह थकान और उबाऊपन जो आपको महसूस होती है, वह किसी परेड से कम नहीं। क्या यह बर्तन हमारे जीवन में वही भूमिका निभाते हैं, जो पुराने रिश्तेदार निभाते हैं ? हर समय मौजूद, कभी न खत्म होने वाले, और हर बार हमें यही एहसास दिलाने वाले कि, ₹आपकी स्थिति में सुधार होने वाला नहीं है।₹ हालाँकि, हम चाहे जितनी बार धो लें, बर्तन कभी खत्म नहीं होते। और फिर वह घड़ी आती है, जब हम बर्तन धोने के बीच में अचानक महसूस करते हैं कि आपके हाथों में एंटरटेनमेंट का कोई अभूतपूर्व पावर है, क्योंकि जब तक बर्तन हैं, तब तक आपका काम खत्म नहीं होने वाला। क्या यह बर्तन हमें जीवन के किसी अहम पाठ से नहीं सिखाते ? बर्तन धोने का काम अगर कभी खत्म नहीं होता, तो क्या यह जीवन के उन कार्यों की तरह नहीं है, जो कभी खत्म नहीं होते ? एक काम खत्म करते ही दूसरा काम शुरू हो जाता है। यही जीवन का चक्र है, और शायद यही बर्तनों का गुप्त उद्देश्य है। बर्तन हमें सिखाते हैं कि जीवन में कभी आराम नहीं मिलता। हर समय कुछ न कुछ चलता ही रहता है। बस, हमें उसकी आदत डालनी होती है। अब बात करते हैं उस बहस की, जो बर्तन धोते वक्त अक्सर घर में होती है। ₹तुमने तो धो लिए थे, तो अब ये बर्तन कहां से आ गए ?₹ बर्तन धोते समय यह सवाल हर किसी के मन में गूंजता है। क्या ये बर्तन किसी दुस्साहसिक प्लान के तहत पैदा होते हैं ? या फिर क्या बर्तन किसी गुप्त हथकंडे के द्वारा पैदा होते हैं ? यह एक बड़ा सवाल है, जिसे कोई हल नहीं कर पाया।

## नवसंकल्प

# आओ, नव वर्ष पर विकसित भारत बनाने का संकल्प लें

डॉ सत्यवान सौरभ



आधी रात को, जब दुनिया सोती है, भारत जीवन और स्वतंत्रता के लिए जागेगा₹। जवाहरलाल नेहरू का यह ₹ट्रिस्ट विद डेस्टिनी₹ भाषण उस सपने का प्रतीक था जिसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने पूरा किया था। इसने हमें, भारत के लोगों द्वारा पालन किए जाने वाले अगले सपने का विजन भी दिया।

भारत के बारे में गांधी का दृष्टिकोण हमारे देश के आत्मनिर्भर विकास के लिए घरेलू औद्योगीकरण को बढ़ावा देना था। उनका विचार था कि ग्रामीण भारत भारत के विकास की रीढ़ है। यदि भारत को विकास करना है, तो ग्रामीण क्षेत्र का भी समान विकास होना चाहिए। वह यह भी चाहते थे कि भारत गरीबी, बेरोजगारी, जाति, रंग पंथ, धर्म के आधार पर भेदभाव जैसी सभी सामाजिक बुराइयों से मुक्त हो, और सबसे महत्वपूर्ण रूप से निचली जातियों (दलितों) के खिलाफ अस्पृश्यता को समाप्त करे जिन्हें वह 'हरिजन' कहते हैं। ये दर्शन भारत के तत्कालीन समाज के सामाजिक स्तर को दर्शाते हैं। स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी हम अभी भी इन सामाजिक मुद्दों को भारत में कायम पाते हैं। हमारे संविधान की प्रस्तावना भारत को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतंत्र देश के रूप में निर्दिष्ट करती है। आइए देखें कि इस परिभाषा को सच करने के लिए हमने भारत के नागरिक के रूप में अपने सपने को कैसे पूरा किया है। 100 वर्षों के स्वतंत्रता संग्राम के बाद हम इस सपने को साकार करने में सक्षम हुए हैं। शीत युद्ध के दौर में भी जब दो महाशक्तियां अमेरिका और सोवियत संघ एक-दूसरे का मुकाबला करने के लिए गठबंधन बना रहे थे, हमने अपनी संप्रभुता को बनाए रखने के लिए किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होने के लिए गुटनिरपेक्षता का विकल्प चुना। यद्यपि संयुक्त राष्ट्र द्वारा उपनिवेशवाद पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन नव-उपनिवेशीकरण के समान अंतरराष्ट्रीय दुनिया में अपनी जड़ें जमा रहा है। नव उपनिवेशीकरण को अन्य राज्यों द्वारा राज्यों की नीतियों पर अप्रत्यक्ष नियंत्रण के रूप में परिभाषित किया गया है। हाल ही में हमने भारत और अन्य अविकसित देशों जैसे अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र में आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) बीजों को पेश करने और विकसित देशों से कृषि आयात के लिए बाजार को उदार बनाने के लिए दबाव देखा है। जीएम बीज कृषि का निजीकरण करते हैं और इस प्रकार मिट्टी की गुणवत्ता के साथ-साथ भारत के किसानों की सामाजिक स्थिति के लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा करते हैं। भारतीय मिट्टी के अनुकूल बीजों के विकास में अनुसंधान पर अमेरिका द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत को लगातार निशाना बनाया गया है। भारत की संप्रभुता के लिए खतरे का अन्य उदाहरण वैश्विक आतंकवाद के माध्यम से है। भारत 26/11 और पठानकोट में उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले का गवाह रहा है। बोडोलैंड की मांग के लिए असम अलगाववादी आंदोलन से भारत नक्सलियों और पूर्वोत्तर में उग्रवादियों से उग्रवादी गतिविधियों का भी सामना करता है। इन गतिविधियों से निर्दोष जीवन की हानि होती है और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे देश के विकास में बाधा उत्पन्न होती है। इस सपने को जिंदा रखने के लिए हमें इन गतिविधियों के खिलाफ एकता दिखानी होगी। इंटरनेट पर एकाधिकार करने के लिए फेसबुक के खिलाफ भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के फैसले का उदाहरण भारत के लोगों द्वारा मजबूत सर्वसम्मत अस्वीकृति के कारण था। हमारे पहले प्रधान मंत्री देश की योजना और विकास में

[illegible]

सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका के विचार के थे। उद्योगों का उदारीकरण 1991 के बाद ही हुआ, लाइसेंस राज खत्म हुआ। हाल ही में हमने भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से धन का प्रवाह देखा। अगर हम करीब से देखें तो हमने भारत के अधिकतम क्षेत्रों में 100% एफडीआई नहीं खोला है। बाजार का निजीकरण निस्संदेह गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ समाज में सर्वश्रेष्ठ प्रतिस्पर्धा प्रदान करता है। लेकिन अगर हम इसे अपनाते हैं, तो बाजार में केवल उन्हीं उत्पादों की आपूर्ति होगी जिनकी मांग है और जिससे वे अन्य आवश्यक आपूर्तियों की उपेक्षा करते हुए लाभ कमा सकते हैं। साथ ही समाजवादी समाज का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के लिए समान परिणाम प्राप्त करना, नौकरियों में समान अवसर प्रदान करना, न्यूनतम मजदूरी प्रदान करना और भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को प्रदान करना है। वर्तमान में भारत गरीबी, अस्वस्थता, बेरोजगारी, भेदभाव के कारण दुर्व्यवहार, खराब शिक्षा आदि के कारण जागरूकता की कमी आदि से पीड़ित वंचितों की सबसे बड़ी संख्या वाला देश है। इन सामाजिक मुद्दों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय रूप से संगठनों का गठन करते हुए हमें भारत के नागरिक के रूप में सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों को ईमानदारी से लागू करने में सक्रिय होना चाहिए। भारत अनेकता में अपनी एकता पाता है। आजादी के बाद हुए साम्प्रदायिक दंगों के बाद भारत को यह बात समझ में आ गई कि किसी भी धर्म का पक्ष लेने से भारत को लंबे समय तक नुकसान उठाना पड़ता है। लेकिन आज भी हम समाज में धार्मिक घृणा पाते हैं। इतने सालों में हमने 1984 के सिख दंगों, 2002 के गोधरा कांड, 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों, बाबरी मस्जिद के विध्वंस और कई अन्य के रूप में सांप्रदायिक दंगे देखे हैं। धार्मिक राजनीति ने भारतीय राजनीति में अपनी जड़ें जमा ली हैं। बीफ खाने पर हालिया प्रतिबंध और 'घर वापसी', 'लव जेहाद' आदि जैसे आंदोलन धर्मनिरपेक्षता के मूल मूल्यों के खिलाफ हैं। धर्म के नाम पर कही गई बातों पर आंख मूंदकर विश्वास न करने, विवेक का पालन करने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। हम इस सपने तक पहुँचने से बहुत दूर हैं लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए। समाज को इन धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए अतार्किक कटौती का विरोध करना चाहिए इस संबंध में हम देख सकते हैं कि लोकतंत्र ने भारतीय समाज में अपनी जड़ें जमा ली हैं। संघों का सक्रिय गठन, चुनाव प्रक्रियाओं में भागीदारी में वृद्धि, विवादित परिदृश्यों का शांतिपूर्ण समाधान देश के दूर-दराज के हिस्सों में भी सक्रिय रूप से देखा जाता है। असहिष्णुता को लेकर हाल के परिदृश्य ने एक बार फिर हमारे लोकतांत्रिक विश्वास की अटकलों को हवा दे दी है। हम लगातार ऐसी स्थिति देखते रहे हैं जहां हम पाते हैं कि लेखक के विचारों के लेखन के खिलाफ धर्म द्वारा फतवा जारी किया जाता है। फेसबुक पर पोस्ट के कारण लोगों को जेल में डाला जा रहा है। साथ ही हम अपने देश में जाति आधारित राजनीति, धर्म आधारित राजनीति देखते हैं। राष्ट्रीय दल लोकतंत्र का कुरूप चेहरा दिखाते हुए लगातार गंदी राजनीति कर रहे हैं। लोकतंत्र वह शक्ति है जो लंबे ऐतिहासिक संघर्ष के बाद मिली है। हमें समाज की अज्ञानता को स्वतंत्रता के रूप में हमें मिले सर्वोत्तम उपहार को छीनने नहीं देना चाहिए। गणतंत्र भारत के नागरिक के रूप में हम अपने संविधान में सर्वोच्चता मानते हैं। 1976 के आपातकाल के समय हमारे संविधान को चुनौती का सामना करना पड़ा। प्राधिकरण द्वारा उनके व्यक्तिगत भविष्य के हित के लिए इसमें बड़े पैमाने पर संशोधन किया गया है। लेकिन जल्द ही सरकार ने देश के नागरिकों के कड़े विरोध को देखा और संविधान में निहित शक्ति को महसूस किया। इतने सालों के बाद हमने 105 बार संविधान में संशोधन किया है। प्राधिकारियों में निहित कई शक्तियों की फिर से जाँच की गई है और शासन के कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं, उदाहरण के लिए पंचायती राज आदि। न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और स्वतंत्र निकायों में निहित संतुलित शक्ति ने नागरिकों को प्रभावी ढंग से शासन में योगदान करने में मदद की है। संविधान द्वारा प्रदत्त न्याय की इस भावना को कभी नहीं भूलना चाहिए। इस मशीनरी के प्रभावी ढंग से प्रसंस्करण में विश्वास रखना चाहिए। हमने कई मौकों पर अपने सपने को टूटते हुए देखा है लेकिन फिर भी हम हर मुसीबत की स्थिति से मजबूत और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। स्वराज के महत्व को समझना चाहिए और इन सपनों को आगे बढ़ाने के लिए आक्रामक रूप से शुरूआत करनी चाहिए ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को भी बेहतर भविष्य प्रदान कर सकें। मैं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के बेहतरीन उद्धरणों पर समाप्त करना चाहता हूं ₹सपने वह नहीं हैं जो आप नींद में देखते हैं, बल्कि वह हैं जो आपको सोने नहीं देते।

**एक नजर**

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि में संशोधन



**सुकमा, 1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित समस्त शासकीय अर्धशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों हेतु शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http:/postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन नवीन एवं नवीनीकरण 01 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाएगा। ड्राफ्ट प्रपोजल के लिए 01 जनवरी से 15 फरवरी तक तथा सेक्शन ऑर्डर के लिए 01 जनवरी से 28 फरवरी तक लॉक किये जाएँगे। निर्धारित तिथियों के बाद शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन स्वीकृत नही किये जायेंगे। पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, (कक्षा 12वी से उच्चतर) के आवेदन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट पर ऑनलाइन की जा रही है। विस्तृत जानकारी के लिए आदिवासी विकास विभाग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### युवोदय स्वयंसेवकों ने ली टीबी मुक्त भारत की शपथ

**दंतेवाड़ा, 1 जनवरी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में विगत दिवस जिला क्षय नियंत्रण एवं पिरामल फाउंडेशन की टीम ने विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत मड़से में ''नि:क्षय निरामय'' 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत युवोदय स्वयंसेवकों को टीबी (क्षय रोग) के प्रति ग्रामीणों जागरूक किया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों को टीबी के प्रमुख लक्षण जैसे की दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम में खून आना, छाती में दर्द, शाम को बुखार, भूख की कमी, वजन कम होना और रात में पसीना आने जैसे विभिन्न लक्षणों की जानकारी दी गई। टीम ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि क्षय एक संक्रामक रोग है, जो हवा के माध्यम से फैलता है और बीड़ी, तंबाकू, सिगरेट, शराब के सेवन, कुपोषण, मधुमेह, या टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोगों को अधिक प्रभावित करता है। टीम ने लोगों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने, लक्षण पाए जाने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क जांच कराने, और संभावित रोगियों को जल्द जांच के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में जिला क्षय नियंत्रण टीम के मेघप्रकाश शेरपा (पीपीएम समन्वयक) और पिरामल फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक राजेश बघेल उपस्थित रहे। इसके अलावा अंत में युवाओं से ÷टीबी मुक्त भारत÷ बनाने की शपथ दिलवाई गई।

### युवा उत्सव अन्तर्गत 3 जनवरी को विकासखण्डों एवं 7 जनवरी को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**दंतेवाड़ा, 1 जनवरी।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 03 जनवरी 2025 को समस्त विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित किया जावेगा साथ ही जिला स्तरीय युवा उत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता 07 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय में आयोजित होंगे । इस रंगारंग आयोजन में सामूहिक लोक नृत्य, लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोग गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तव्य कला, तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाईल्स, कृषि उत्पाद एवं रॉक बैंड (केवल जिला स्तर पर) जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता के तहत एथलेटिक्स, खो-खो, हॉकी जैसे खेलों को भी शामिल किया गया है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम में व्यवसाय स्टेनोग्राफर सेकेट्रियल असिस्टेंट (हिन्दी) के लिए आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 1 जनवरी।** कार्यालय प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम के द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम में व्यवसाय स्टेनोग्राफर सेकेट्रियल असिस्टेंट (हिंदी) में प्रशिक्षण सत्र 2024-2025 प्रशिक्षण कार्य पुर्ण कराने हेतु प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पदों के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता हेतु वांछित योग्यता धारियों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहें हैं। योग्य आवेदक 01 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक स्वयं संस्था में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से अंतिम तिथि को सायं 05 बजे अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला दन्तेवाड़ा के एनआईसी https://dantewada-nic-in/notice_category/ पर अवलोकन कर सकते हैं।

### रेडक्रास सोसायटी : जिला प्रबंध समिति के गठन की कार्यवाही पूर्ण

**कांकेर , 1 जनवरी।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी रा'य मुख्यालय के निर्देशानुसार जिला शाखा में प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों का निर्वाचन कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के आदेशानुसार जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रेडक्रास सोसाइटी की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का चयन किया गया। जिला प्रबंध समिति के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, कोषाध्यक्ष एवं रा'य प्रबंध समिति सदस्य प्रतिनिधि के पद लिए निर्वाचन की कार्यवाही भी की गई। तत्पश्चात नवनिर्वाचित जिला प्रबंध समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एडवोकेट श्री राज भारती को सोसाइटी के चेयरमैन के पद हेतु, श्री विजय कुमार राय को वाइस चेयरमैन, श्री एएसआर मूर्ति को कोषाध्यक्ष एवं श्री अनुपम जोफर को रा'य प्रबंधन समिति हेतु जिला प्रतिनिधि के पद में निर्विरोध निर्वाचन किया

# माई दंतेश्वरी के दर्शन के साथ नववर्ष की शुरुआत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- ■ दंतेश्वरी शक्ति पीठ में उमड़ा आस्था का सैलाब
- ■ पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त
- ■ विभिन्न मंदिरों में भी पहुंच भक्त कर रहे दर्शन पूजन व अनुष्ठान

**दंतेवाड़ा 1 जनवरी।** नव वर्ष के मंगलमय होने की कामना के साथ नया वर्ष 2025 के पहले दिन बुधवार को हजारों लोगों ने माईजी के मंदिर पहुंचकर अपनी आराध्य देवी मां के दर्शन पूजन किए। दंतेवाड़ा ही नहीं बल्कि प्रदेश के अलग अलग हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने आज दंतेश्वरी माई के चरणों में नमन किया और नव वर्ष की शुरूआत की। लंबी कतारों में लोग सुबह से ही दर्शन के लिए खड़े नजर आए। नव वर्ष का पहला दिन आज माईजी के मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़ को देख आज नवरात्रि जैसा माहौल दिखाई पड़ा। भक्ति और आस्था का यह सैलाब आज ही नहीं बल्कि पिछले पखवाड़े भर से दंतेश्वरी शक्ति पीठ में उमड़ रहा है। पर्यटक बड़ी संख्या में दंतेवाड़ा पहुंच रहे हैं और माईजी की पूजा अर्चना कर अपने को धन्य मान रहे हैं। भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस जवान मंदिर परिसर में मौजुद रहे। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नूतन वर्ष पर उठकर सबसे पहले भक्तों ने स्नान आदि से निवृत्त होकर सीधे अपनी आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर पर पहुंच मां भगवती देवी से अपने और अपने परिवारजनों की कुशलता एवं आरोग्य, निरोग रहने का आर्शीवाद मांगा। 01 जनवरी दिन बुधवार को नए वर्ष की सुबह से ही माईजी के मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ लगी रही। दोपहर 12 बजे तक लोग कतारों में खड़े होकर बारी बारी से दर्शन करते रहे। दंतेश्री मंदिर के अलावा शहर के विभिन्न मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ रही। नये साल के सुअवसर पर कई भक्त शिव मंदिर, शनि मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर एवं हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजा, अनुष्ठान कर नये वर्ष अच्छे से बीत जाए इसकी कामना ईश्वर से किए। बता दें कि कोई भी तीज त्यौहार हो नगरवासी सबसे पहले वे माईजी का ही दर्शन पूजन कर उनसे आर्शीवाद लेते हैं उसके उपरांत ही कोई दुसरा काम करते हैं। स्थानीय भक्तों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु अन्य जगहों से तथा पड़ोसी राज्यों से भी बहुतायात संख्या में माई के दर्शन पूजन के लिए आ रहे हैं। दंतेश्री मंदिर परिसर में नव निर्मित कारीडोर, रीवर फ्रंट, ज्योति कलश भवन, विशाल हनुमान की प्रतिमा एवं नदी घाट की तरफ सौंदर्यकरण हो जाने से शक्ति पीठ की सुंदरता, भव्यता देखते ही बनती है। जय स्तंभ से लेकर मंदिर के प्रवेश द्वार तक आकर्षक शैली में डोम बनाया गया है ताकि भक्तों को धूप, बारिश में भी सुरक्षित तरीके से खड़े रहकर मांता के दर्शन पूजन कर सकें। कारीडोर बनने के बाद मंदिर की भव्यता में और भी बढोतरी हुई है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में दूर दराज क्षेत्रों से भक्त दंतेवाड़ा पहुंच रहे हैं। आज नव वर्ष का पहला दिन होने से श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ी है जिसे देख ऐसा लग रहा है मानो कोई मेला लगा हो। बाहर से आए पर्यटक और श्रद्धालु काफी खुश हैं उनसे पुछने पर कहा कि सचमुच में यहां कदम रखते ही ऐसा लगा जैसे वाकई में किसी शक्तिपीठ में आने की हमें अनुभूति हुई है। से पुछने पर उन्होने कहा कि वे यहां आकर काफी उत्साहित हैं। श्रद्धालुओं ने एक समस्या अवश्य बताया कि यहां उन्हें और किसी प्रकार की दिक्कत तो नहीं हो रही मगर रूकने के लिए धर्मशाला वगैरह में माकुल व्यवस्था नहीं होने से उन्हें निराशा हुई। बता दें कि दंतेवाड़ा में दो धर्मशाला टेम्पल कमेटी द्वारा संचालित की जा रही है। धर्मशाला में पर्याप्त सुविधा एवं साफ सफाई नहीं होने से यहां रूकने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होती है मजबूरन लोगों को लॉज या रैन बसेरा में जाकर ठिकाना लेना पड़ता है। टेंपल कमेटी के अधिकारियों का कहना है कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित और हर प्रकार की सुविधा से लैस एक भक्त निवास धर्मशाला का निर्माण करवाया जा रहा है जो साल भर के अंदर बनकर तैयार हो जाएगा जिसके बाद रूकने की कोई समस्या नहीं होगी।

## बीडीएफ के खिलाफ पत्रकारों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 1 जनवरी।** बीते 26 दिसम्बर को बीडीएफ;बस्तर डेयरी फर्मद्ध कंपनी के द्वारा निर्मित केशर लस्सी के बन्द डिब्बो से कीड़े निकलने का एक वीडियो दंतेवाड़ा जिले में वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर पत्रकारो ने अपने.अपने मीडिया संस्थानों में पड़ताल करने के बाद खबर को प्रकाशित करवाया। खबर मानव जीवन से जुड़ी हुई थी। यही वजह है कि मीडिया संस्थानों ने खबर प्रमुखता से छापा और इलेक्ट्रोनिक मीडिया ने भी स्क्रीन पर जगह दी। अब इस मामले को लेकर बीडीएफ के मालिक इमरान नगरिया पत्रकारों पर तोहमत मढ़ रहे हैं। इमरान नगरिया सोशल मीडिया में पत्रकारों द्वारा इंजेक्शन से कीड़े इंजेक्ट करने का बेबुनियाद दावा कर रहे हैं। इस आरोप से नाराज जिले के श्रमजीवी पत्रकार संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। पूरे मामले की जांच करवाने के लिए कहा है। साथ ही बीडीएफ के उत्पादों की लागातार सैंपलिंग करवाकर जांच करने का आग्रह किया है। इस दौरान श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आजाद सक्सेना और जिले के दर्जनों पत्रकार मौजूद थे।

**कलेक्टर ने मांगी खाद्य अधिकारी से जांच रिपोर्ट**

इस प्रकरण को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने पत्रकारों के सामने ही खाद्य अधिकारी से पूरे मामले की जानकारी ली है। खाद्य अधिकारी सुष्मित देवांगन से पूछा केसर लस्सी में कीड़े वाले मामले की जांच में क्या हुआ हैघ् इस पर खाद्य अधिकारी ने कहा नोटिस दिया गया है। कलेक्टर ने दो टूक कहा एक नोटिस हो चुका हैए जो भी विधिवत कार्रवाई होती है अब उसे करें और सूचित करें। साथ ही जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। इधर खबर लिखे जाने तक बताया जा रहा है जांच रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष खाद्य अधिकारी ने प्रस्तुत कर दी है।

**एसपी बोले जांच करवाता हूंए थाना प्रभारी को पत्र किया मार्क**

इसी मामले को लेकर पत्रकारों ने एसपी गौरव राय से भी मुलाकात की। पत्रकारों ने कहा जिस तरह सोशल मीडिया में निष्पक्ष पत्रकारो को बीडीएफके मालिक इमरान नगरिया दूवारा दुष्प्रचारित किया गया हैए उससे हम सभी पत्रकार आहत हुए हैं। इस प्रकरण में सभी पक्षों को बुलाकर पूछताछ की जाए। घटना से जुड़े पूरे घटनाक्रम की बरीकी से जांच करवा कर कड़ी कार्रवाई की जाए। इन सभी बिदुओं को सुनने के बाद एसपी गौरव राय ने जांच के आदेश किए है। इस प्रकरण की जांच कोतवाली थाना प्रभारी को दी गई है। इतना ही नहीं गौरव राय ने स्पष्ट शब्दों में कहा मामले की जांच जल्द से जल्द करें।

**क्या था पूरा मामला प्रकरण से जुड़े लोगों ने ये कहा**

बीडीएफ प्रोडक्ट केसर लस्सी में कीड़े निकलने का वीडियो वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियो की पत्रकारों ने पूरी पड़ताल की। वीडियो जिले के स्थानीय दंकान के संचालक सौरभ गुप्ता ने बनाया था। पत्रकारों को उसने बताया कि बीडीएफके केसर लस्सी उत्पाद से कीड़े निकले है। एक ग्रहक को जब केसर लस्सी में पहली शिकायत आई। इसके बाद उसने लगातार पांच डिब्बे खोले सभी में कीड़े निकले। सौरभ ने बताया कि उसने केसर लस्सी बीडीएफ के आउट लेट से खरीदी थी। बनाए गए वीडियो आउटलेट के संचालक श्रृषभ तोमर को भेजा और उत्पाद भी भेज दिए। श्रृषभ तोमर ने बताया यह वाक्या बीडीएफ के संचालक इमरान नगरिया को बताया। उसने इस बात को सुनते ही सभी केसर लस्सी के उस बैच नंबर डिब्बे उठवा लिए।

**ये हैं वो सुलगते सवाल**

- बीडीएफ कंपनी ने साक्ष्यों को छिपाने के लिऐ 9 लस्सी के डिब्बो को खाद्य टीम पहुँचने से पहले ही क्यों हटवा दियाघ
- खाद्य विभाग की जांच रिपोर्ट अभी नही आई हैए इससे पहले ही खुद लैब्रोट्री के संचालक बन सोशाल मीडिया पर डेमों दिखा कर उपभोक्ताओं को भ्रामक जानकारी परोस रहे हैं।
- क्या इंजेक्शन से कीड़े इंजेक्ट करने का कोई साक्ष्य बीडीएफ के मालिक इमरान नगरिया के पास मौजूद है। यदि था तो फ्रेश केशर लस्सी के डिब्बे में इंजेक्ट कर दिखाना चाहिए था।

## मतदाता सूची तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी



**सुकमा, 1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरपालिका निर्वाचन के लिए 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अंतर्गत सभी पंचायत एवं नगरीय निकायों में 31 दिसम्बर 2024 से 06 जनवरी 2025 तक पुनः दावा आपत्ति प्राप्त कर 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नये एवं पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्यवाही की जायेगी। संशोधित मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र ठाकुर ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम एवं निर्देश अनुसार 31 दिसम्बर 2024 को 01 अक्टूबर 2024 की स्थिति में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची (मूल एवं पूरक) का प्रारंभिक प्रकाशन किया जायेगा। जिस पर दावा आपित्त 06 जनवरी 2025 को 3.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकृत कर्मचारी द्वारा प्राप्त किये जायेंगे। दावा आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख 09 जनवरी 2025 तथा प्रपत्र क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। प्रपत्र क-1 में दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2025 निर्धारित है। दावा आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरुद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर होगी। पंचायत एवं नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को किया जायेगा। इस पुनरीक्षण अवधि में 01 अक्टूबर 2024 से 01 जनवरी 2025 के बीच विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के नये मतदाताओं से फार्म क-1 भराकर स्थानीय निकायों की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित की जायेगी तथा अपात्र प्रविष्टियों को हटाया जायेगा।

## बैठक में कलेक्टर ने आवेदनों के संतुष्टिपरक समाधान पर दिया जोर



**दंतेवाड़ा, 1 जनवरी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा समय सीमा की बैठक में लंबित रहे आवेदनों पर दो-टूक निर्देश देते हुए कहा गया कि जिन आवेदनों और मांगों का विभागीय अथवा अन्तर्विभागीय समन्वय से समाधान हो सकता है। उन्हें अनावश्यक लंबित रखना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। अतः आवेदनों पर संतुष्टि परक समाधान पर अधिकारियों को ध्यान देने की आवश्यकता है। अतः पूरी निष्ठा और तत्परता से समयबद्ध निराकरण करें। यह देखा गया है कि जनहित से जुड़े हुए कई मांग और समस्याओं का हल अन्तर्विभागीय समन्वय से किया जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक अधिकारी को स्वयं पहल करते हुए प्रयास करना आवश्यक है। इसमें किसी भी प्रकार की लेटलतीफी होने पर तुरंत संज्ञान में लिया जायेगा।इस क्रम में कलेक्टर ने नगरपालिका और नगर पंचायतों तथा जनपद पंचायतों से कचरा प्रबंधन के संबंध में अब तक किए गए कार्यवाही की जानकारी चाही। और आगामी समय-सीमा की बैठक तक ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार का विलंब होने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार रहेगें। इसके अलावा समय-सीमा बैठक में जिले में स्कूल छात्र,छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य और प्रदाय की अद्यतन प्रगति, टेकनार रोड की साफ सफाई के लिए कार्य योजना के तहत कार्मिकों की नियुक्त,जल जीवन मिशन के तहत जिले के हर जल प्रमाणीकरण की स्थिति,अपूर्ण टंकियों का निर्माण एवं एफएचटीसी की प्रगति, 500 मीटर से अधिक तल के बोर खनन के लिए प्राक्कलन तैयार किया जाने, जिले के 600 आंगनबाड़ी केन्द्रों का समक्ष आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उन्नयन, राज्य में 06 वर्ष तक के बच्चों का 100 प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी दी गई।इसके साथ ही कलेक्टर ने बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान की प्रगति पर संतोष जताते हुए मिशन मोड पर जारी रखने को कहा। इसके अलावा श्रम विभाग को निर्देश दिए गए कि जिले से अन्य प्रदेशों के विभिन्न स्थानों में गए श्रमिकों के गंभीर स्वास्थ्य संबंधी मामलों पर तुरंत प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करे। ताकि ऐसे श्रमिकों तात्कालिक राहत मिल सके। इसके साथ ही जिले में मोतियाबिंद, सिकल सेल, हाई बीपी, ओरल कैंसर सरवाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, की स्क्रीनिंग, जिले के अन्य विभागों द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित कार्य के लिए डीडी का भुगतान, ग्राम पंचायत दुगेली माड़कापारा का कृषि भूमि को बंदोबस्त कराये जाने, जिले अतंर्गत 34 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थापित सोलर पॉवर बैटरी बैकों को आवश्यकता अनुरूप चिन्हांकित कर पृथक से कंट्रोल रूम बनाने हेतु सर्वे जैसे विभिन्न विषयवस्तुओं की गहन समीक्षा की गई। समय-सीमा बैठक में ही डीएमएफ के तहत प्रगतिरत कार्यों के सबंध में भी कलेक्टर द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

### जिले के गरीब परिवारों का पक्के मकान का सपना हो रहा पूरा

**कांकेर, 1 जनवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के जरूरतमंद गरीब परिवारों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है और कच्चे घर में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिल रही है। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम दसपुर की निवासी श्रीमती जगिता बाई पटेल को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ है। इस योजना के अंतर्गत सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में उनके स्वीकृत आवास का भूमिपूजन विधायक श्री आशाराम नेताम और कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने किया।श्रीमती जगिता बाई ने इस खास अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें बेहद गर्व महसूस हो रहा है कि उनके घर की नींव के उद्घाटन अवसर पर स्वयं विधायक और कलेक्टर ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि मिट्टी के कच्चे घर से निजात मिलना बेहद खुशी की बात है। यह सपना बहुत जल्द ही साकार होने वाला है। श्रीमती जगिता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके जीवन की सबसे बेशकीमती सौगात मिली है।

## जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**कांकेर , 1 जनवरी।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आवेदकों ने वृद्धावस्था पेंशन, नक्सल पीड़ित पुनर्वास, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने, जंगली जानवर के काटने से मृत्यु होने पर परिवार के भरण-पोषण हेतु सहायता स्वीकृत करने, मनरेगा मजदूरी एवं मुआवजा राशि दिलाने सहित विभिन्न मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एडीएम श्री बी.एस. उईके, श्री जितेन्द्र कुर्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन से विश्व प्रसिद्ध पर्यटन ग्राम तीरथगढ़ के हर घर पहुंचा जल

**जगदलपुर, 1 जनवरी ।** सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है इस योजना ने न केवल स्वास्थ्य में सुधार किया है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी बड़ा परिवर्तन लाया है। इसी क्रम में जिले के विकासखण्ड दरभा अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन ग्राम तीरथगढ़ में भी जल जीवन मिशन के द्वारा जलापूर्ति होने से लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है। इसी गांव में विश्व प्रसिद्ध जलप्रपात है जो मुनगाबहार नदी से बनता है इसकी सुन्दरता मन को मोह लेने वाली है चारों ओर पहाड़ एवं घने जंगल और हरी-भरी वादियां हैं जो पर्यटको को रोमांच से भर देती है। बाहरी लोगों के सम्पर्क में आने के कारण यहां के ग्रामीणों के जीवन में बाहरी बदलाव भी देखने को मिलता है। महिलाएं दुकान चलाती हैं और पुरूष खेती-किसानी करते हैं।तीरथगढ़ के डेढ़ हजार से अधिक की आबादी पहले जलसंकट से जूझ रही थी, मुनगाबहार नदी में नहाने व कपड़ा धोने रोज जाया करते थे। पीने का पानी भी बोरिंग से लाया करते थे, घरेलू जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाली महिलाओं को ज्यादा तकलीफ थी। घर से दूर स्थित हैंडपंप से पानी लाने के कारण उनके शरीर में थकान सहित स्वभाव चिड़चिड़ापन हो गया था। लेकिन अब सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना इस गांव में आई और उसने पूरे गांव में बदलाव लाना शुरू कर दिया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम तीरथगढ़ में 09 मीटर 10 किलोलीटर के 03 एवं 12 मीटर 10 किलोलीटर के 06 सोलर सिस्टम लगे हैं। जिससे तीरथगढ़ ग्राम पंचायत के सभी पारे-टोले के हर घर में नियमित तौर पर जलापूर्ति किया जा रहा है।

## ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

**सुकमा, 1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ई-ऑफिस का क्रियान्वयन के लिए पूर्व में राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार आवश्यक प्रशिक्षण कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण जिला सूचना अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र (एन. आई.सी.) के द्वारा प्रदान किया गया।उल्लेखनीय है कि सुशासन की दिशा में कार्य करते हुए 01 जनवरी 2025 के पूर्व मंत्रालयों के समस्त विभागों में ई-ऑफिस का क्रियान्वयन किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। अगले चरण में समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालय में भी ई-ऑफिस के क्रियान्वयन किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके यथासंभव 01 अप्रैल 2025 तक समस्त फाईल ई-ऑफिस के माध्यम से निराकरण किया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान दौरान अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित सभी जिलाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## पुलिस कर्मी बन टैक्स नहीं देता था, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 1 जनवरी।** भिलाई खुर्सीपार पुलिस ने नकली पुलिसकर्मी बनने वाले कैब संचालक को फर्जीवाड़ा करने के आरोप में दबोचा है. कैब चालक टोल टैक्स बचाने के लिए नकली पुलिसकर्मी बनकर टोलकर्मियों से रौब झाड़ता और फिर टैक्स नहीं देता.यही नहीं नकली पुलिस बनने के साथ-साथ आरोपी ने अपनी गाड़ी में नीली बत्ती और पुलिस का नेम प्लेट भी लगा रखा था.वहीं अलग-अलग वर्दी में खींची गई फोटो को अपने मोबाइल में रखकर टोलकर्मियों को धोखा देता.जिसकी शिकायत पुलिस तक पहुंची.

**कैसे दबोचा गया आरोपी :-** पिछले दिनों ट्रैफिक पुलिस ने नीली बत्ती गाड़ी में सवारी ढोते हुए इस कैब ड्राइवर को दबोचा.तब जाकर पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ. खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि मामले में एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा के प्रतिवेदन पर जांच-पड़ताल की गई. जांच में पता चला कि 28 दिसंबर को आरोपी ने नीली बत्ती लगी कार जिसमें पुलिस लिखा हुआ था टोल नाके से क्रॉस किया,लेकिन मोबाइल पर पुलिस वाली फोटो दिखाकर टोल नहीं दिया घर से मिले कई सामान ़ सूचना पर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर वाहन और वाहन चालक को यातायात एवं खुर्सीपार पुलिस ने चौक पर पकड़ा. आरोपी ने पूछताछ करने पर अपना नाम जितेन्द्र दुबे उम्र 34 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी एलआईजी 1/47 कुरूद कोहका थाना जामुल बताया.आरोपी के घर पर दबिश देकर वाहन के संबंध में जांच करने पर घर पर सियाज वाहन का आरसीबुक एक मेनपैक सेट, एक काले रंग का बेल्ट, एक आर्मी की टोपी और आधार कार्ड जब्त किया गया खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि आरोपी ने मेनपैक सेट को साल 2022 में बीएसएफ कैम्प बांदे जिला कांकेर से चोरी करना बताया. आरोपी ने कपटपूर्वक लोक सेवक की पोशाक को पहनना और लोगों के सांथ प्रवचना कार्य कर कपट एवं बेईमानी से पुलिस के रूप में अपने आप को प्रतिरूपण करते हुये छल करना पाया गया. आरोपी खिलाफ 204, 205, 318 , 319 बीएनएस पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आपको बता दें पिछले कई दिनों से पुलिस को शिकायत मिल रही थी।

**एक नजर**

### भारतमाला प्रोजेक्ट का काम बंद कर किसानों ने धरना, आंदोलन किया शुरू



**पत्थलगांव, 1 जनवरी।** यहां से लगे ग्राम बुढ़ाडांड़ गांव के 50 से अधिक किसानों को पांच साल के बाद भी जमीन अधिग्रहण का मुआवजा नहीं मिल पाया है,इस लेट लतीफी से परेशान किसानों ने सड़क निर्माण एजेंसी व्दारा किया जा रहा भारतमाला प्रोजेक्ट का काम बन्द कर एक सप्ताह से धरना आंदोलन शुरू कर दिया है। पीड़ित किसानों ने आज पत्थलगांव विधायक गोमती साय के निवास पहुंच कर उनके समक्ष अपना दुखड़ा सुनाया। विधायक गोमती साय ने किसानों की परेशानी सुनकर राजस्व अधिकारियों से चर्चा कर और जल्दी ही इस समस्या का निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। किसानों का कहना है सड़क निर्माण एजेंसी ने उनके खेतों में तैयार साग-सब्जी और दूसरी फसल को जेसीबी से रौंद कर उन्हें बेदखल तो कर दिया लेकिन अब जमीन का मुआवजा के लिए बार बार चक्कर लगाने की खातिर मजबूर कर दिया है। मुआवजा भुगतान के लिए कई बार तिथियों में परिवर्तन करने बाद भुगतान नहीं किया जा रहा है,इस बात को लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

### आयुष्मान कार्ड के छूटे हुए हितग्राहियों के लिए वार्डों में लगाए जा रहे शिविर

**रायगढ़, 1 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में रायगढ़ शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 48 तक के शहरी वार्डो में आयुष्मान कार्ड के छूटे हुये हितग्राहियों का वार्डो में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिसमें विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का मिशन मोड में प्राथमिकता से सभी का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। वार्ड के हितग्राही इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपने वार्ड के मितानिन अथवा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते है।सीएमएचओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ शहरी क्षेत्र में क्रमश- दिनांक 01 एवं 2 जनवरी 2025 को गांजा चौक, गौशालापारा, दरोगापारा एवं बैकुण्ठपुर में शिविर लगाकर कार्ड बनाया जाएगा। इसी तरह 3 एवं 4 जनवरी को बीडपारा सदर हटरी, दरोगापारा गांधीगंज, भूपदेवगंज एवं जूनाबड़पारा में, 6 एवं 7 जनवरी को बेलादुला, चक्रधर नगर बंगलापारा, कसेरपारा चक्रधर नगर, बिनोबानगर, 8 एवं 9 जनवरी को कौहाकुण्डा, छोटे अतरमुडा, नया अतरमुडा, पंजरीप्लांट, 10 एवं 11 जनवरी को जेलपारा, बाजीरावपारा, मिट्ठूमुडा, फटहामुड़ा, 13 एवं 14 जनवरी को गांधीनगर, अम्बेडकर नगर, झोपड़ीपारा, राजीवगांधी नगर नावापारा, 15 एवं 16 जनवरी को भजनडीपा, देवारपारा, रेलवे बंगलापारा एवं बूढ़ीमाई मंदिर, 17 एवं 18 जनवरी को छातामुड़ा सहदेवपाली, अमलीभौना, सराईपाली बरमुड़ा एवं पतरापाली, 20 एवं 21 जनवरी को भगवानपुर, उर्दना-कृष्णापुर, विजयपुर-गोवर्धनपुर एवं बोईरदादर में आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा।

### आंगनबाड़ी में रिक्त कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 15 जनवरी तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़, 1 जनवरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र ट्रांसपोर्टनगर वार्ड क्रमांक 42 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद रिक्त है। इसी तरह आंगनबाड़ी केन्द्र ट्रांसपोर्टनगर वार्ड क्रमांक 42, आंगनबाड़ी केन्द्र चमड़ागोदाम वार्ड क्रमांक 38 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र कुम्हारपारा वार्ड क्रमांक 7 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त है। उक्त पद की पूर्ति हेतु इच्छुक आवेदिकाओं से 15 जनवरी 2025 तक आवेदन मंगाए गए है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम समिति का हुआ पुर्नगठन

**रायगढ़, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन राज्य अल्प संख्यक आयोग द्वारा जारी आदेश एवं प्रभारी मंत्री के अनुमोदन पश्चात पूर्व में गठित समिति को निरस्त करते हुए उनके स्थान पर नई जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम समिति का पुर्नगठन किया गया है। गठित जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल को अध्यक्ष एवं आदिवासी विकास रायगढ़ के सहायक आयुक्त को सदस्य सचिव बनाया गया है।

इसी तरह गठित समिति में असलम हुसैन, गुलाम रहमान खान, साहिल मनिहार, आशिया बानो, हैदर रजा खान, रईस सिद्दीकी, मेहरून निशा, रितेश जैन, दीपक अरोरा, रफीक मोहम्मद, दिनेश किस्पोट्टा, संजय टोप्पो, सै.इफ्तेखार खान (चिंटू), शेख हाफिज खान, ज्ञान सिंह एवं बादशाह खान को सदस्य बनाए गए है।

इसी तरह प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम समिति में फिरोज अली, प्रदीप खलखो एवं अजरूद्दीन खान को सदस्य बनाए गए है।

# नववर्ष में क्षेत्र के लोगों के वह सुविधाएं मिलेंगी जो वह चाहते हैं

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 1 जनवरी।** नवनिशा का आगाज के साथ सभी अपने जीवन मे नयी खुशियों को सहेजने की तैयारियों मे जुटे हुये है। 2025 मे लोग अपने सपनो की सुविधाओ मे पंख लगाने की सोच बना रखे है। 2024 की विदायी के साथ आज 2025 ने लोगो के जीवन मे अपनी जगह बना ली। नये वर्ष की शुरूवात के साथ ही नयी सुविधायें भी लोगो के पास पहुंचने का इंतजार कर रही है। अक्सर लोग नये वर्ष के दिन अपनी खुशियों का ईजहार कर पूरा वर्ष खुशी से बिताना चाहते है,इस वर्ष लोगो की पुरानी चाहते पूरी होने की कगार पर दिख रही है,अक्सर लोगो को मूलभूत सुविधाओ मे सडक, बिजली,पानी शिक्षा,चिकित्सा की चाहत रहती है।

**नये वर्ष** में चिकित्सा की बात करें तो लोगो को शासन की ओर से काफी



लाभ मिलने वाला है। केन्द्र सरकार ने आयुष्मान व्यय वंदना नामक योजना की शुरूवात की है,इस योजना मे 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो को पांच लाख तक ईलाज कराने के लिए निःशुल्क सहायता राशि उपलब्ध करायी जायेगी,इस योजना के क्रियान्वन होने से उम्र दराज लोगो मे खुशी की लहर देखने को मिल रही है। होटल मे काम करने वाले 72 साल के सोहन राम का कहना है कि वर्ष 2025 मे शासन की ओर से आयुष्मान व्यय वंदना का लाभ उन बुजुर्गो को मिलने जा रहा है जो किसी न किसी बिमारी से ग्रसित होकर आर्थिक तंगी झेल रहे है,इस योजना से निश्चय ही बुजुर्गो के जीवन मे नवनिशा का आगाज होगा। इसी तरह की शासन ने निश्चय निरामय कार्यक्रम की भी शुरूवात की है,चिकित्सा के क्षेत्र मे इसे मील का पत्थर माना जा रहा है,चार चरण मे होने वाली इस योजना मे शुगर,बी.पी,टी.व्ही,ब्लड प्रेशर के मरीजो का चिन्हाकन के बाद उनका ईलाज एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी।

**नवनिशा** का आगाज शिक्षा मे भी



बढचढ कर अपना योगदान बच्चो को देने के रूप मे समाहित होगा,शिक्षा विभाग मे अपार आई.डी योजना के चलन के बाद अब कोई भी विद्यार्थी अपने दस्तावेजो के गुम होने के कारण विद्यालयीन शिक्षा से वंचित नही हो पायेगा। राज्य शासन की यह योजना विद्यार्थीयों के जीवन मे एक नये सूर्य का उदय लेकर आ रही है। अपार आई.डी. की बदौलत अब विद्यार्थीयों के समस्त दस्तावेज अब एप्प मे संग्रहित होकर जीवन के हर मुकाम पर उनके लिए कारगार साबित होंगे। शिक्षा विभाग ने विद्यार्थीयों के कौशल विकास अध्ययन विकास एवं गणितीय कौशल को बढावा देने के लिए एफएल.एम सिस्टम भी लागू किया है,जिसका लाभ नये वर्ष मे विद्यार्थीयों को मिलने लगेगा। इस योजना मे शिक्षको को ट्रेनिंग देकर प्रशिक्षित किया गया है। 2027 तक लक्ष्य निर्धारण कर पहली से पांचवी तक के बच्चो को निश्चित तौर पर लिखने पढने का लक्ष्य बनाया गया है।।

**महंगी** बिजली से उपभोक्ताओ की



परेशानी को दूर करने के लिए केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त योजना की शुरूवात कर दी है,इस योजना के सैकडो की तादाद मे आवेदन लिए जा रहे है। नव वर्ष मे लोगो को सूर्य घर सौर उर्जा के तहत प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का प्रावधान तैयार हो चुका है। केन्द्र सरकार ने उपभोक्ताओ की सुविधा के लिए सौर घर मुक्त योजना मे 78हजार रूपये उपभोक्ता को सब्सीडी देने का प्रावधान तैयार किया गया है। वही उसके अलावा इस योजना मे सस्ता ब्याज लोन एवं योजना से जुडने के लिए बेहद सरल प्रक्रिया का चुनाव किया गया है। 2025 के लक्ष्य निर्धारण मे विद्युत विभाग की ओर से जगह-जगह अतिरिक्त ट्रांसफार्मर एवं नये विद्युत पोल का विस्तार किया जा रहा है,जिससे आगामी दिनो मे उपभोक्ता को सुगम एवं सस्ती बिजली मिल सकेगी।।

**वर्ष 2025 में** लोगों को सड़कों की



सुविधा भी सुगम होने वाली है। केन्द्र एवं राज्य सरकार ने सडको के विस्तार मे कोई कसर नही छोडी है। शहर के अंदर की बात करें तो लगभग ढाई करोड रूपये की लागत से तीस से भी सी.सी.सडको का लाभ जनता को मिलने वाला है। उसके अलावा 140 करोड की परियोजना से खरसिया से हाटी,हाटी से धरमजयगढ एवं धरमजयगढ से पत्थलगांव फोरलेन सडक का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अंबिकापुर से सीतापुर,सीतापुर से पत्थलगांव,पत्थलगांव से कुनकुरी एवं कुनकुरी से जशपुर 1400 करोड की दो परियोजना के कार्य भी बेहद तेज गति से चल रहे है। वर्ष 2025 सुगम सडको के लिए बेहद खास माना जा रहा है। भारतमाला सडक का निर्माण सफर के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# किलकिलेश्वर धाम की मांड नदी के तट पर नया वर्ष मनाने रही लोगों की भीड़



**पत्थलगांव, 1 जनवरी।** नववर्ष 2025 का स्वागत को लेकर पिकनीक स्पॉट मे भीड बढने लगी है। शहर से लगे अनेक पिकनीक स्पॉट पर लोगो की भीड जमा होगी,मैनपाट मे पिकनीक मनाने आने वालो की काफी भीड पहुंच चुकी है,यहा की पैराग्लायडिंग, घुडसवारी एवं तिब्बतीयों के मंदिर एवं उनके कैंप आने वाले लोगो को स्वतः ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। मैनपाट शरणार्थी तिब्बतीयो के लिए बसाया गया था,यह स्थान समुद्र तल से लगभग 19सौ मीटर की उंचाई पर बसा है। घनघोर जंगलो को काट कर पहाड के उपर बसाया गया मैनपाट मे गर्मी के दौरान भी ठंड का एहसास होता है। मैनपाट मे तिब्बीयो के धर्म अनुसार कई बौध मंदिर है। मैनपाट का टाईगर पाइंट पर बना झरना आकर्षक का प्रमुख केन्द्र है,यहा का उल्टा पानी नामक जगह का रहस्य आज भी बरकरार है,जिसके शोध मे कई वैज्ञानिक जुटे है। शहर से लगभग साठ किलोमीटर की दूरी पर ईब नदी के किनारे बसा कोतईबिरा धार्मिक प्रर्यटन स्थल छत्तीसगढ के नक्शे मे अपनी कोई खास पहचान तो नही बना पाया,परंतु यहा की सुंदरता छत्तीसगढ के अलावा उडीसा के लोगो को भी काफी रास आती है। यहा भगवान भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर स्थापित है,बगल से ईब नदी बहती हुयी काफी मनोरम दृश्य प्रस्तुत करती है। विशालकाय चटटानो को चिरती हुयी बहती यह नदी सोना मिलने के लिए भी प्रसिद्ध मानी जाती है। धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाने वाला मांड नदी के किनारे बसा किलकिलेश्वर धाम मे भी पिकनीक मनाने वालो की भीड जमा होगी। इसके लिए यहा के व्यवस्थापको द्वारा मांड नदी के घाटो की साफ सफाई करा दी गयी है। यह हमेंशा से धार्मिक स्थल के नाम से जाना जाता है,यहा बने सभी समाज के मंदिर लोगो को यहा आने के लिए अपनी ओर आकर्षित करते है,मांड नदी पर बना एनिकेट भी सुंदरता का प्रर्याय है। इसके अलावा यहा प्राकृतिक सौंदर्य की भी कमी नही है।।

### कृषक उन्नति योजना से कृषक लालसाय की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत

**रायगढ़, 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा शुरू की गई कृषक उन्नति योजना के तहत मिलने वाली बोनस राशि से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण देखने को मिला कृषक श्री लालसाय भगत के रूप में, जिन्होंने मिली बोनस राशि एवं अपनी कुछ जमा पूंजी मिलाकर प्रथम किश्त के रूप में जमा कर ट्रेक्टर खरीदा, बाकी रकम को वह धीरे-धीरे किश्त के रूप में अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि अब भविष्य में मुझे कृषि कार्य में कम लागत होने के साथ ही अधिक लाभ प्राप्त होगा। ट्रैक्टर को दूसरों को खेती-किसानी के कामों के लिए किराए से देने पर अतिरिक्त आय भी मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों को सशक्त बनाने के लिए कृषक हितैषी नीतियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन नीतियों में कृषक उन्नति योजना एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई है।

# 5 जनवरी को मुख्यमंत्री गरियाबंद में गायत्री परिवार के युवा जागरण और दीप महायज्ञ में होंगे शामिल



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 1 जनवरी।** गरियाबंद में गायत्री परिवार एक बड़ा आयोजन करने जा रहा है जिसमें 5 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा गायत्री परिवार प्रमुख प्रणव पंड्या सहित 10 हजार से अधिक गायत्री परिवार के लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर दीपक अग्रवाल एसपी निखिल राखेचा सहित जिला प्रशासन की टीम गांधी मैदान पहुंची। 3 से 6 जनवरी तक 4 दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें चारों दिन अलग-अलग तरह के विशेष कार्यक्रम किए जाएंगे। तीसरे दिन 5 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी इस कार्यक्रम में शामिल हो रहें है। राष्ट्र जागरण, समाज निर्माण और आध्यात्मिक चेतना को प्रबल बनाने के उद्देश्य से गरियाबंद में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज, हरिद्वार के उपकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के तहत 3 जनवरी शुक्रवार को 1008 मंगल कलश शोभा यात्रा और संगीतमय प्रवचन, 4 जनवरी शनिवार को नारि जागरण सम्मेलन, 5 जनवरी रविवार को युवा जागरण सम्मेलन और 2400 वेदिय दीप महायज्ञ 6 जनवरी 2025 को सोमवार महापूर्णाहुति और ऋषिपुत्रों की विदाई के कार्यक्रम का आयोजन होगा इस आयोजन से लोगों को सामाजिक विकास के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने प्रेरित किया जाएगा।

# फील्ड विजिट के दौरान अधिकारी स्कूल,आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों का जरूर करें निरीक्षण:कलेक्टर

**रायगढ़, 1 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी अधिकारियों से कहा कि निरीक्षण के लिए जब फील्ड में जाएं तो उस रूट के स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों की जांच अवश्य करें। उन्होंने कहा कि स्कूलों का संचालनए छात्रों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता अवश्य जांचे। आंगनबाड़ी का समय सारिणी के अनुसार संचालन, अस्पतालों में इलाज और संस्थागत प्रसव की जानकारी लें। इसका प्रतिवेदन जिला स्तर पर दें।

कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभाग स्तर पर निराकृत हो सकने वाले प्रकरण के लिए लोगों को अनावश्यक रूप से जिला स्तर तक न आना पड़े। सक्षम अधिकारी समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी ध्यान रखें कि पूरे जिले में सभी कार्यालय टाइम से खुले। कार्यालयीन स्टाफ निर्धारित



समय से ड्यूटी पर उपस्थित हो।कलेक्टर श्री गोयल ने धान खरीदी और उठाव के संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन केंद्रों से नियमित से रूप से धान के उठाव करवाने अधिकारियों को निर्देशित किया। उपार्जन केंद्रों का साप्ताहिक भौतिक सत्यापन नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय से सत्यापन कर रिपोर्ट नहीं देने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने खनिज विभाग को अवैध उत्खनन और परिवहन पर नियमित रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।माइक्रोप्लानिंग के साथ आयुष्मान वय वंदना योजना कार्ड निर्माण में लाएं प्रगतिकलेक्टर श्री गोयल ने आयुष्मान वय वंदना योजना में 70 प्लस वृद्धजनों के कार्ड बनाने का काम ब्लॉकवार माइक्रोप्लान बनाते हुए कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी ब्लॉक के सीईओ जनपद और बीएमओ को आपसी समन्वय बनाते काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।तहसीलों में आयोजित होंगे राजस्व शिविर-कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एसडीएम को तहसीलों में राजस्व शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों का क्लस्टर बनाकर शिविर के लिए स्थल का चयन करें। शिविर लगाने से पहले उन गांवों में मुनादी और प्रचार-प्रसार अवश्य करवाएं। जिससे अधिक से अधिक लोग इन शिविरों का लाभ ले सकें।

-क्षेत्रीय सरस मेला आयोजन की तैयारियों की हुई समीक्षा3 से 12 जनवरी तक रायगढ़ में क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन होने जा रहा है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारियों से कहा कि समय से सारी तैयारियां पूरी कर ली जाए। उन्होंने विभागों को स्व-सहायत समूहों के उत्पादों को अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए। आयोजन स्थल पर टेंट, लाइटिंग, बेरीकेडिंग सहित अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए।

## 6 जनवरी से धान खरीदी पर लग सकता है ब्रेक



**बीजापुर,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बफर लिमिट से अधिक खरीदी के बावजूद जिले के धान उपार्जन केंद्रों में धान का उठाव ना होने से खरीदी केंद्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। आलम ये है कि कई केंद्रों में क्विंटल तो दूर किलो भर धान रखने की जगह नहीं हैं, इससे परेशान खरीदी केंद्र प्रभारियों ने सीधे कलेक्टर से धान उठाव हेतु गुहार लगाने के साथ मियाद भी दी है कि 5 जनवरी तक बंपर लिमिट के उपर धान का परिवहन संतोषजनक ना होने की स्थिति में 6 जनवरी से जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी बंद कर दी जाएगी। मिली जानकारी अनुसार 29 दिसंबर तक जिले के 30 उपार्जन केंद्रों में 4 लाख 37 हजार 737 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसमें से महज 51 हजार 850 क्विंटल का उठाव हुआ है यानि जिले भरी में अब तक महज 11.85 फीसदी धान का उठाव हुआ है। जबकि 3 लाख 85 हजार 886 क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है। ये आंकड़े 29 दिसंबर के है। ऐसे में 30 और 31 दिसंबर में हुई खरीदी से शेष मात्रा के आंकड़ों में बढ़ोत्तरी होनी निश्चित है।उठाव में हो रही देरी से धान खरीदी करने वाली समितियों की चिंता बढ़ गई है। मार्कफेड की नीति के बावजूद एक महीने से ज्यादा होने की वजह से सूखत बढ़ रही है। लगभग समितियों में बफर स्टॉक से ज्यादा धान की खरीदी हो चुकी है।समितियों की मानें तो जिले में एक ही मिलर्स होने से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। उठाव के लिए अंतरजिला डीओ और टीओ जारी किया जाता है तो समस्या से छूटकारा पाया जा सकता है।बहरहाल उठाव में हो रही देरी से खरीदी केंद्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित हुई है, वही कई केंद्रों में धान रखने की जगह ना होने से खरीदी भी प्रभावित हो रही है, इतना ही नहीं समितियों को सुखत की चिंता भी सता रही है।हालांकि जिला सहकारी समिति संघ ने ज्ञापन के जरिए प्रशासन का ध्यानाकर्षण जरूर कराया है, लेकिन वस्तुस्थिति से पूरी तरह वाकिफ संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन को साफ चेतावनी भी दी है कि बफर स्टॉक से उपर धान उठाव को लेकर प्रशासन कोई कदम नहीं उठाता है तो 6 जनवरी से जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी बंद कर दी जाएगी।

## सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

**बीजापुर,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन 2024-25 के लिए जनपद पंचायत बीजापुर के विकेन्द्रीकृत स्थानों में सरपंच/पंच के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। जिसके तहत ग्राम पंचायत मोरमेड़, तोयनार, पापनपाल, मिड़ते, धनोरा एवं बोरजे के लिए सरपंच/पंच पद हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर श्री अभिषेक शर्मा उप अभियंता जनपद पंचायत बीजापुर को नियुक्त किया गया है। उक्त पंचायतों का नाम निर्देशन पत्र ग्राम पंचायत भवन तोयनार में प्राप्त किया जा सकेगा। इसी तरह ग्राम पंचायत नैमेड़, एरमनार, दुगोली, कैका, पेदाकोड़ेपाल एवं कडेर के लिए श्री दिनेश भोयर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे एवं उक्त पंचायतों के लिए नाम निर्देशन पत्र ग्राम पंचायत नैमेड़ में प्राप्त होगा। कांदुलनार, चिन्नाकवाली, इंटपाल, मुसालूर, तुमनार, मनकेली, संतषपुर के लिए श्री राम सूरत बेक सहायक संचालक रेशम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे एवं नाम निर्देशन पत्र ग्राम पंचायत भवन बीजापुर से प्राप्त होगा। ग्राम पंचायत चेरपाल, कडेनार, रेड्डी, पदमूर, कमकानार के लिए श्री भुवनेश्वर कंवर सहायक अभियंता छ.ग. ग्रा.स.वि.अभि. बीजापुर, रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं नाम निर्देशन पत्र ग्राम पंचायत चेरपाल में प्राप्त होगा। ग्राम पंचायत तोड़का, पालनार, पदेड़ा, पेदाकोरमा के लिए श्री भास्कर राव ओचार उप अभियंता छ.ग. ग्रा.स.वि.अभि. बीजापुर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे तथा राजीव गांधी सेवा केन्द्र चेरपाल से नाम निर्देश पत्र प्राप्त होगा। ग्राम पंचायत गोंगला, पुसनार, बुरजी, गंगालूर के लिए श्री एमएन लकड़ा विकास विस्तार अधिकारी ज.प. बीजापुर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे तथा पंचायत भवन गंगालूर से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। ग्राम पंचायत मेटापाल, पीडिया, गमपुर, डोडीतुमनार के लिए श्री डीआर बघेल सहा. आ.ले.परी एवं करा. अधिकारी ज.प. बीजापुर सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं उक्त पंचायतों का नाम निर्देशन पत्र पीडीएस भवन डोडीतुमनार गंगालूर से प्राप्त होगा। वहीं श्री सुरेन्द्र सिंह मरकाम, सहा.अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं श्री विपिन कुमार चौबे वन क्षेत्रपाल गंगालूर को रिजर्व में रखा गया है।

## मोर आवास मोर अधिकार-पीएम आवास मार्गदर्शिका का वितरण

**बीजापुर,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला पंचायत के सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा ली। प्रधानमंत्री आवास-ग्रामीण योजना की पंचायतवार समीक्षा उपरांत राज्य शासन द्वारा जारी मोर आवास मोर अधिकार के नाम से पीएम आवास निर्माण हेतु मार्गदर्शिका का वितरण उपस्थित तकनीकी सहायकों व ग्राम पंचायत सचिवों को किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी तकनीकी सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में विगत वित्तीय वर्ष के शेष अपूर्ण आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण किया जावे। इसके साथ ही शासन स्तर से प्रधानमंत्री आवास- ग्रामीण के निर्माण हेतु सुलभ मार्गदर्शिका तैयार किया गया है। जिसका अध्ययन कर आवास निर्माण के तकनीकी पहलुओं का ध्यान रखते हुए जिले में गुणवत्ता पूर्ण आवास का निर्माण किये जाने के निर्देश दिए गए।

## 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर,1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित के परिजनों को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत नदी में डुबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक सीता राम पोड़ियम के निकटतम वारिस उनकी बहन बीमो पोड़ियम निवासी ग्राम रानीबोदली को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

## हर वर्ग के हित में साय सरकार ले रही निर्णय :रमेश साहू

**महासमुंद।** डीएड अभ्यर्थियों के सहायक शिक्षक पदों पर भर्ती का मार्ग प्रशस्त होने पर भाजपा नेता व पिटियाझर सहकारी समिति अध्यक्ष रमेश साहू ने इसे संवेदनशील सरकार का राज्य के युवाओं के हित में लिए गए निर्णय बताया है। श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के डीएड अभ्यर्थियों को राज्य सरकार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षा विभाग को सहायक शिक्षक के पदों पर नियुक्ति के लिए अनुमति दे दी है। लगभग 2900 डीएड अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति दी जाएगी। साय सरकार द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह फैसला डीएड अभ्यर्थियों के लिए राहत की बात है, जो लंबे समय से अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे।श्री साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार ने हर वर्ग के लिए विकास कार्य किए हैं। छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन राशि भी दिया जा रहा है। बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। कुछ विभागों में भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्के घर दिए जा रहे हैं। आयुष्मान योजना से निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। किसानों के हित में बेहतर निर्णय लिए गए हैं। जिसके अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को बकाया बोनस राशि भी दी गई। वहीं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह एक हजार रुपये दिए जा रहे हैं।

# महतारी वंदन योजना से वनांचल की महिलाओं का सशक्तिकरण

**रायपुर,1 जनवरी।** महतारी वंदन योजना ने वनांचल क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में आशा की एक नई किरण जगाई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कमी और सीमित संसाधनों के कारण जीवन यापन करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। इस योजना ने महिलाओं को न केवल आर्थिक संबल प्रदान किया, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने में मदद की है।



कोरबा जिले के बोड़ानाला गांव की निवासी सुखमत मंझवार का जीवन कभी अभाव और संघर्ष से भरा हुआ था। उनके गांव की खेती योग्य जमीन डुबान में चली गई थी, जिससे परिवार के पास आय का कोई स्थिर स्त्रोत नहीं था। उनके पति मजदूरी कर परिवार का गुजारा करते थे, लेकिन दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल था। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता ने सुखमत के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाया। इस योजना से प्राप्त राशि ने न केवल उनके घरेलू खर्चों को आसान बनाया, बल्कि उनके परिवार को भी आत्मनिर्भर बनने में मदद की। सुखमत ने साझा किया कि अब वह अपने परिवार की जरूरतों को आसानी से पूरा कर पा रही हैं और किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।बोड़ानाला की ही रहने वाली राजकुमारी मंझवार ने भी इस योजना के लाभ से अपने जीवन को सशक्त बनाया है। उन्होंने बताया कि हर माह मिलने वाली 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता से वह अपने दैनिक खर्चों को आसानी से पूरा कर लेती हैं। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है, और अब उन्हें मुश्किल समय में किसी से मदद मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

महतारी वंदन योजना ने न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी महिलाओं को मजबूत बनाया है। इस योजना ने वनांचल क्षेत्र की महिलाओं को अपनी और अपने परिवार की खुशहाली सुनिश्चित करने में सक्षम बनाया है। यह पहल उनके जीवन में एक नई दिशा और उजाला लेकर आई है, जिससे उनका भविष्य बेहतर और सशक्त हो रहा है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों की महिलाओं को वित्तीय सहारा देकर उनके जीवन स्तर को सुधारना और आत्मनिर्भर बनाना है। महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मददगार साबित हो रही है।

## एक नजर

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

**बलौदाबाजार 1 जनवरी।** जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ÷ऑपरेशन विश्वास÷ के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा कसडोल में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 19 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 19 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 30.12.2024 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 17 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक ?10,000-10,000 तथा 02 प्रकरण मे वाहन चालकों को ?15,000-15,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 19 वाहन चालकों को कुल ?2,00,000 (दो लाख रूपये) का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 जनवरी तक

**बलौदाबाजार, 1 जनवरी।** सत्र 2025 -26 में सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6 वी एवं 9वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन एनटीए की वेबसाईट पर 24 दिसंबर 2024 से 13 जनवरी 2025 को शाम 5 बजे तक भरे जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु बालक एवं बालिका की आयु 31 मार्च 2025 की स्थिति में 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राओं की आयु 31 मार्च 2025 की स्थिति में 13 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए।कक्षा 9वीं में छात्राओं को प्रवेश सीट उपलब्धता के अनुसार दिया जाएगा।सामान्य,अन्य पिछड़ा वर्ग, रक्षा/भूतपूर्व सर्विसमेन से सम्बंधित आवेदकों को 800 रुपये एवं अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के आवेदकों को 650 रुपये आवेदन शुल्क ऑनलाइन देय होगा।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन स्थगित

**बलौदाबाजार 1 जनवरी।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में दिनांक 2 जनवरी 2025 से 7 जनवरी 2025 तक जिले के प्रत्येक ब्लॉक के आईटीआई में होने वाले प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### डी.एल.एड. प्रथम और द्वितीय वर्ष परीक्षा परिणाम घोषित

**रायपुर, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर ने डी.एल.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष अवसर परीक्षा 2024 के परिणाम जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल मण्डल की आधिकारिक वेबसाइट जारी परिणाम में प्रथम वर्ष में कुल 1 हजार 22 परीक्षार्थी (502 बालक एवं 520 बालिका) परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें सफलता का प्रतिशत 41.09 प्रतिशत रहा। वहीं द्वितीय वर्ष में कुल 1 हजार 312 परीक्षार्थी (539 बालक एवं 773 बालिका) शामिल हुए, जिसमें परीक्षाफल 43.82 प्रतिशत रहा।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 14.13 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की बोनी

**रायपुर, 1 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में 14.13 लाख हेक्टयर क्षेत्रों में चना, गेहू, मटर, अलसी, सरसों, मक्का, रागी सहित विभिन्न रबी फसलों की बोनी हो चुकी है, जो कुल बोनी का 73 प्रतिशत है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर खरीफ सीजन की तरह रबि सीजन के लिए भी अल्पकालीन कृषि ऋण का भी प्रावधान किया गया है। अब तक किसानों को रबी फसल के लिए किसानों को 239 करोड़ रूपए की ऋण राशि प्रदाय किया जा चुका है। रबी फसल के लिए इस वर्ष 2.89 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 1.60 लाख क्विंटल बीज का भण्डारण कर 1.31 लाख क्विंटल बीज वितरित किया गया है, जो भण्डारण का 82 प्रतिशत है।इसी प्रकार रबी फसल के लिए राज्य में 4.65 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण करने का लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 4.93 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का भण्डारण कर 1.61 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया है, जो कुल भण्डारण का 33 प्रतिशत है।

### लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण और अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश

**मोहला 1 जनवरी।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित मामलों, अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों, मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित मामलों की जानकारी शीघ्र प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही एक साल से अधिक समय से बिना सूचना के अनुपस्थित कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े इन आवेदनों का शीघ्र और प्रभावी निपटान सुनिश्चित किया जाए। ग्राम स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शासन की सभी योजनाएं पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाई जाएं। इसके साथ ही संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# बदमाशों ने शराब दुकान के सेल्समैन को पीटा

- एक युवक की पिकअप को आग के हवाले किया और रातभर मचाया उत्पाद,कई घटना को दिया अंजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा 1 जनवरी।** बीते सोमवार 30 दिसंबर की रात्रि में नगर पंचायत भखारा भठेली के बदमाश युवकों ने अपने सहपाठी के साथ मिलकर भखारा में जमकर उत्पात मचाया और आगजनी, लूट,मारपीट,चोरी और राहगीरों को धमकाने के साथ- साथ कई घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बीते सोमवार की रात भठेली के विख्यात बुग्गी गैंग के करीब दस नकाबपोश बदमाश हथियारों से लैस होकर भखारा स्तिथ शराब दुकान के मेन गेट खोलकर अंदर घुसे और वीडियो बनाने की बात कहकर सेल्समैन को मारने की धमकी दी और सेल्समैन से मारपीट किया। बीच बचाव के लिए आये शराब दुकान के कर्मचारी हिराधर साहू,प्रवेश कुमार,संदीप चावरे,अरुण कुमार,उमेश कुमार,जितेन्द्र निषाद के साथ भी लाठी और रॉड से पिटाई किया।बदमाशों ने शराब दुकान के आसपास खड़ी गाड़ियों में तोड़ फोड़ किया।वहीं भखारा स्तिथ वार्ड क्रमांक 03 की सतनामी मोहल्ला में तेजराम पिता नारायण सतनामी की खड़ी पिकप वाहन को आग के हवाले कर दिया। इसके साथ ही संतराम के किराना दुकान में चोरी किया और भेंडरवानी के राहगीर से लूटपाट किया। यात्री बस को जमकर धमकाया। इस तरह सोमवार की रातभर बुग्गी गैंग के बदमाश युवक भखारा में आतंक मचाते रहे। वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दौड़ाकर गुजरा के दो और राजिम के दो युवकों को पकड़ा। लूटपाट में प्रयुक्त वाहन को जप्त किया। सभी वारदातों का मास्टर माइंड मुख्य सरगना बुग्गी गैंग के सहयोगी भखारा भठेली के बदमाश युवक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। रात भर गुंडा-बदमाशों के द्वारा आतंक मचाने की जैसे ही जानकारी मिली तो लोगों में रोष फैल गया।

नगर में अपराध रोकने अक्षम पुलिस के खिलाफ सतनामी मोहल्ला में नगरवासियों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी किया। नगरवासियों के द्वारा की गई चक्काजाम पर सूत्रों के हवाले से खबर है कि आखिरकार किसके संरक्षण और आदेश पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम किया गया। चक्काजाम करने से पूर्व संबंधित अधिकारी को सूचना दिया जाता है उक्त संबंधित अधिकारी के आदेश के बाद चक्काजाम किया जाता है लेकिन पूर्व सूचना दिए बिना ही चक्का जाम किया गया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। जैसे ही उच्च अधिकारी को चक्काजाम की जानकारी मिली तो धमतरी एडिशनल एसपी मणीशंकर चंद्रा घटनास्थल पहुंचकर कानून व्यवस्था की कमान संभाली।और नगरवासियों को आश्वसत करते हुए बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बांकी लोगों की पतासाजी की जारी है। थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि वारदात का मास्टर माइंड मुख्य सरगना व बुग्गी गैंग के सहयोगी भखारा-भठेली के बदमाश घटना कर फरार हो गए। आरोपी धनराज यादव,प्रणय निर्मलकर व अन्य 5-6 आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115-2,191-2, 296,309-4, 331-6,351-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।आरोपियों की तलाश जारी है।

## समाचार संक्षेप

### शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 1 जनवरी।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 31.12.2024 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4160 कीमत मूल्य का 32 पाव अंग्रेजी गोवा शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल छ्त्व22 3547 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 954/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### मनरेगा योजना में जिले की उपलब्धि 103.26 प्रतिशत रही

**बलौदाबाजार,1 जनवरी।** महात्मा गांधी नरेगा योजना ग्रामीण स्तर पर संचालित जन कल्याणकारी योजना में से प्रमुख योजना है। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर ही स्थानीय निवासियों को मांग के आधार पर रोजगार मुहैया कराना है जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 24-25 में जिले को माह दिसंबर तक 47.24 लाख मानव दिवस का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिसके विरुद्ध में 103.26 प्रतिशत उपलब्धि रहा है और मार्च तक में लक्ष्य का 95.47 प्रतिशत उपलब्धि रहा है। जिले के सभी ग्राम पंचायतो में पर्याप्त मात्रा में कार्यों की स्वीकृति दी गई है। जिले में 418 पंचायतों में 16 हजार से अधिक श्रमिक कार्य में लगे हुए हैं। 80 प्रतिशत ग्रामों में महात्मा गांधी नरेगा के कार्य प्रारंभ कराया गया है। सी ई ओ ने बताया कि मांग के आधार पर पंजिकृत परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीणों में जल के प्रति जागरुकता लाने एवं रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से वर्ष 2024-25 में नवीन अमृत सरोवर के 140 कार्य लागत राशि 22 करोड़ 10 लाख की स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों से लोगों को अतिरिक्त कार्य ग्राम पंचायत को मिलेगा।



# पूर्ण निर्माण कार्यों का संबंधित एजेंसी करे शीघ्र भुगतान,अनुकंपा नियुक्ति में लाएं तेजी:कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 1 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है.

आज विशेष रूप से कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों द्वारा कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी ठेकेदारों को राशि भुगतान नहीं होने संबधित शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण एजेंसी अनावश्यक किसी का भुगतान न रोके,कार्य पूर्ण होने पर तत्काल भुगतान करे। साथ ही मुख्यमंत्री के घोषणा के कार्यों में तेजी से तेजी लाएं। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति में भी तेजी लाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर ने आज सुशासन सप्ताह अंतर्गत विभिन्न गांवों एवं नगरीय निकायों में आयोजित शिविरों में मिले आवेदनों का सप्ताह के भीतर ही निराकरण करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर ने जिले के सभी गांवों में स्वीकृत मनरेगा कार्यों को प्रारंभ करने के निर्देश जनपद पंचायत सीईओ को दिए है। ताकि आमजनों को स्थानीय स्तर में रोजगार उपलब्ध हो सके। श्री सोनी अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अधिकारी को पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत पंजीकृत युवाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण दिलाने निर्देशित किया। इसी प्रकार उन्होंने सहकार से समृद्धि,पीएम जीवन ज्योति योजना,चिराग योजना, जनदर्शन आदि के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें।

### बिहान व मुद्रा लोन के माध्यम से डेयरी का खड़ा किया व्यवसाय

**जशपुरनगर, 1 जनवरी।** महिलाओं को समूह में शामिल कर उन्हें दलित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न अधिसूचनाएं जारी की जा रही हैं। इससे जुड़कर महिलाएं न केवल अपने परिवार का सहारा बन रही हैं बल्कि अपने ग्राम में एक रोल मॉडल बनकर अन्य लोगों को बाहर भी दिखा रही हैं। ऐसे ही गार्डन ब्लॉक के ग्राम झक्की की रहने वाली श्रीमती रूना गुप्ता आज बिहान योजना से जुडकर और करेंसी लोन के माध्यम से अपना व्यवसाय खड़ाकर लखपति बहन बन गईं। सामान्य परिवार से आने वाली पत्नी रूना का सपना था कि वह भी अपनी पैरो में खड़ी होकर अपने परिवार का सहारा बनी। अपने सपने को पूरा करने के लिए वह बिहान योजना के अंतर्गत साई स्व सहायता समूह से जुड़े हुए हैं। ग्रुप से जुड़ने के बाद बैंक लाइक के माध्यम से अलग-अलग वर्षों में अब तक उनके ग्रुप को लगभग 4.50 लाख मिले।

# छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार से मिली 250 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

**रायपुर, 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साथ के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए आईटी आधारित वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को लागू कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार ने इस डिजिटल सुधार की सराहना करते हुए राज्य को 250 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) के रूप में प्रदान की है। छत्तीसगढ़ राज्य ने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के वित्तीय प्रबंधन के लिए ÷जस्ट इन टाइम÷ (जेआईटी) मॉडल और एसएनए स्पर्श प्रणाली को अपनाया है। यह प्रणाली वित्तीय प्रवाह को कुशल बनाते हुए निधियों के वितरण, ट्रैकिंग और भुगतान को आसान बनाती है। इसके तहत राज्य सरकार ने केंद्र की निधि को आरबीआई के ई-कुबेर नेटवर्क और राज्य की निधि को वित्तीय प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली (एफएमआईएस) के माध्यम से समेकित किया है। इस पहल से निधि के सही समय पर उपयोग और वास्तविक समय में व्यय की रिपोर्टिंग भी सुनिश्चित हुई है। इस सुधार के तहत स्मार्ट भुगतान एल्गोरिथम का उपयोग किया गया है, जिससे भुगतान ट्रिगर नियमों के आधार पर वास्तविक समय में किया जाता है। इससे सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के परिणाम बेहतर हुए हैं। साथ ही, राज्य में डिजिटल प्लेटफॉर्म और पोर्टल्स का निर्माण कर आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा रहा है।


### कलेक्टर धर्मेश साहू ने जिले के कार्यों का समीक्षा किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,1 जनवरी।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में जिले के कार्यों, मांग, शिकायत आदि प्रकार के आवेदनों का समीक्षा किया और अधिकारियों को आवेदन पर नियम अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में जिले के 3 बीईओ सहित सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जर्जर भवन का चिन्हांकन कर उसके नष्ट करने और नवीन भवन निर्माण का प्रपोजल नियत समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी सचिव द्वारा आगामी दिनों में लिए जाने वाले बैठक के संबंध में सभी विभाग के प्रतिवेदन का अवलोकन किया। इस दौरान विभाग की जानकारी में आवश्यक अन्य गतिविधियों को शामिल करने के निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिए। कलेक्टर ने सड़क निर्माण, जल संसाधन, डॉक्टर आपके द्वार की मेडिकल मोबाइल यूनिट एमएमयू टीम के कार्य की प्रगति रिपोर्ट, क्रेडा, निक्षय निरामय अभियान, महतारी वंदन योजना, जन औषधि, आगामी दिनों में जिला जन समस्या निवारण शिविर के लिए दिनांक और स्थान निर्धारण की रूपरेखा पर चर्चा किए। बैठक के अंत में आगामी 26 जनवरी की तैयारी के संबंध में कार्य सौंपे गए। कलेक्टर ने बैठक में सभी अधिकारियों को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी जिले के विकास के लिए अच्छा कार्य करते रहें।

# ट्रक से 680 बोरी सीमेंट भेजा गंतव्य तक नहीं पहुंचा तो थाने में जुर्म दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 1 जनवरी।** 27 दिसंबर को प्रार्थी लोकेश शर्मा निवासी गोल्डन होम्स खम्हारडीह शंकर नगर रायपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 17.12.2024 को उसके ट्रांसपोर्ट ऑफिस रवान से आरोपी तुषार गोविंदानी के द्वारा ट्रक क्रमांक ह्र09, 0085 में दिनांक 17.12.2024 को कुल 680 बोरी अंबुजा पावर सीमेंट कीमती ?2,31,200 को नवरंगपुर उड़ीसा में भेजने हेतु रवाना किया गया था, जो रवाना होने के पश्चात दिनांक 27.12.2024 तक सीमेंट गंतव्य स्थान में नहीं पहुंचा। इस संबंध में तुषार गोविंदानी से कई बार फोन से संपर्क किया, किन्तु वह टालमटोल कर रहा है। घटना पर प्रार्थी लोकेश शर्मा की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 947/2024 धारा 318(4),316(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में आरोपी के केउझर जिला उडीसा में उपस्थिति की जानकारी मिलने पर थाना सिटी कोतवाली से टीम गठित कर माल-मुलजिम पतासाजी हेतु उडीसा की ओर रवाना किया गया था, उक्त टीम के द्वारा जिला केउझर में आरोपी तुषार को पहचान कर पकडा गया, जिससे घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके द्वारा दिनांक 17.12.2024 को ट्रक क्र. ह्र09, 0085 में 680 बोरी सीमेंट को रवान से लोड कर ट्रांसपोर्टर के बताए अनुसार उडीसा के लिए रवाना हुआ था। आरोपी के द्वारा अमानत में ख्यानत एवं धोखाधडी के नियत से उक्त सीमेंट को गंतव्य स्थान पर ना पहुंचाकर अपनी मर्जी से अन्य स्थान ग्राम अरसला थाना झामपुरा जिला केउझर उड़ीसा में छुपा कर रखना बताया। आरोपी के बताये अनुसार उसके कब्जे से दिनांक 29.12.2024 को 680 बोरी सीमेंट एवं घटना मे कारित ट्रक बरामद कर जप्त किया गया है। मामले में आरोपी को बलौदाबाजार लाकर आज दिनांक 30.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार किया गया।




## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1 जगदलपुर

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-7175/NIT-8/2024-2025/ व ले लि — दिनांक : 27/12/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 08/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 13/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 15/01/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) | निविदाकारों की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 8 T0065 | जमा मद अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक 2 में विभिन्न कार्य प्रथम आमंत्रण | 50.00 37500.00 750000.00 | A 1500.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक | 05 वर्षा ऋतु सहित |
| 8 T0066 | जमा मद अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक 02 के धरमपुरा सेक्शन के अंतर्गत विभिन्न कार्य प्रथम आमंत्रण | 50.00 37500.00 750000.00 | A 1500.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक | 05 वर्षा ऋतु सहित |
| 8 T0067 | जमा कार्य अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक 02 के आडावाल सेक्शन में विभिन्न कार्य प्रथम आमंत्रण | 50.00 37500.00 750000.00 | A 1500.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक | 05 वर्षा ऋतु सहित |
| 8 T0068 | जमा कार्य अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक 02 के अन्तर्गत नानगुर सेक्शन में विभिन्न कार्य प्रथम आमंत्रण | 50.00 37500.00 750000.00 | A 1500.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक | 05 वर्षा ऋतु सहित |
| 8 T0069 | जमा कार्य अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक 03 के अन्तर्गत विभिन्न कार्य प्रथम आमंत्रण | 50.00 37500.00 750000.00 | A 1500.00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक | 05 वर्षा ऋतु सहित |
| 8 T0070 | केंन्द्रीय जेल जगदलपुर में स्थित जर्जर पुराने अस्पताल को डिस्मेंटल कराने का कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) प्रथम आमंत्रण | 7.52 5700.00 11300.00 | A 750 .00 | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक | 03 वर्षा ऋतु सहित |

**निविदा शर्तें**

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालना अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग(भ/स)**
**उत्तर बस्तर संभाग-1, जगदलपुर**

जी- 242504964/5

## एक नजर

### आईएएस अफसरों को मिला नए साल में पदोन्नति का तोहफा

**रायपुर, 1 जनवरी।** राज्य शासन ने नए साल से पहले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पदोन्नति का तोहफा दिया है। 2012 बैच के ढ्रस अधिकारीयों को प्रमोट किया है। अब उन्हें संयुक्त सचिव से विशेष सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें नवीन पदस्थापना दी गई है।

### बैंक और दफ्तरों में गाड़ी अटैच कराने का झांसा

**रायपुर, 1 जनवरी।** राजधानी रायपुर में करोड़ों रुपये की ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। ठगी का शिकार हुए लोगों में रायपुर और अन्य राज्यों के करीब 100 लोग शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, पीड़ितों से उनकी कार और अन्य चार पहिया वाहनों को बैंकों और सरकारी विभागों में किराए पर लगाने का झांसा देकर ठगी की गई है। पीड़ितों ने बताया कि आरोपी जगमोहन सिंह मसराम, जो बोरियाकलां स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहता है, ने यह धोखाधड़ी की है। उसने शुरुआत में पीड़ितों को विश्वास में लेने के लिए दो महीने का एडवांस भुगतान किया और विभाग के नाम पर लिखित एग्रीमेंट किया। इससे वाहन मालिकों को यह भरोसा हुआ कि उनकी गाड़ियां सही तरीके से किराए पर ली जा रही हैं।

### दो प्रधान प्राचार्य में एक बने डीईओ और एक सहायक संचालक

**रायपुर, 1 जनवरी।** स्कूल शिक्षा विभाग ने दो ई संवर्ग के प्रधान प्राचार्यां का तबादला करते हुए एक को डीईओ और एक को सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया। जारी आदेश के अनुसार भारती प्रधान को प्रभारी जिला शिक्षाधिकारी कोंडागांव और आदित्य चांडक को सहायक संचालक कार्यालय लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर में पदस्थ किया गया है।

### डॉ. वैशाली प्रकाश गवारले को मिली पी.एच.डी. की उपाधि



**रायपुर, 1 जनवरी।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय धनेली रायपुर द्वारा डॉ. वैशाली प्रकाश गवारले को शिक्षा विषय में पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। उनका शोध का विषय रायपुर एंव दुर्ग सम्भाग के पूर्व बाल श्रमिकों की शैक्षिक, आर्थिक व पारिवारिक समस्यायों पर एक अध्ययन था। इन्होने शोधकार्य निर्देशक डॉ. ईश्वर प्रसाद यदु और सहायक निर्देश्क डॉ. उत्तम कुमार पांडा विभागाध्यक्ष विधि एंव समाजशास्त्र विभाग हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में पूर्ण किया हैं। वैशाली जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर शाखा प्रबंधक प्रकाश कुमार गवारले की पत्नी हैं। उन्होने अपनी सफलता का श्रेय अपने ससुर, सास, पति, और दोनों बच्चों को दिया है।

### आरक्षक भर्ती, गरियाबंद जिले के सैकड़ों अभ्यर्थी हुए शामिल

**रायपुर 1 जनवरी।** पुलिस लाईन रूद्री में आज पुलिस आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा प्रक्रिया में पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय एवं भर्ती कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में आज भी गरियाबंद जिले के 2000 अभ्यर्थियों को बुलवाया गया था। जिसमें लगभग 708 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिनके दस्तावेजों की छानबीन परिक्षण किया गया एवं नाप जोक किया गया जिसमें 58 अभ्यर्थी अपात्र पाये गए। 650अभ्यर्थी ही पात्र पाये गये जिनका 100 मीटर दौड़,800 मीटर दौड़,गोला फेंक,लंबी कूद,ऊची कूद सहित शारिरिक दक्षता का परीक्षा लिया गया है। कुछ अपात्र एवं कुछ अभ्यर्थी के दस्तावेज में खामी पाये गए हैं,उन अभ्यर्थियों द्वारा दावा आपत्ति (अपील) की जा रही है जिसका पुलिस अधीक्षक धमतरी एवं भर्ती कमेटी द्वारा लगातार निराकरण किया जा रहा है।

### फ्लैट में पकड़ाई लाखों की शराब

**रायपुर, 1 जनवरी।** रायपुर पंजाब से शराब की तस्करी होने का मामला सामने आया है। ये तस्करी एक कॉम्प्लेक्स के फ्लैट से हो रही थी, जहां आबकारी विभाग की टीम ने छापा मारकर बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि राजधानी रायपुरी के कॉम्पलेक्स में मौजूद एक फ्लैट में अवैध रूप से शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलम किरण सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक योगेश सोनी, जीतेश्वरी आलेन्द्र, आबकारी आरक्षक पुरुषोत्तम साकार, जागेश्वर वर्मा समेत अन्य लोगों की टीम मौके पर पहुंची और छापामार कार्यवाही करते हुए लाखों रूपये की महंगी शराब जब्त किया है। बताया जाता है कि यहां बड़े-बड़े कार्टून में शराब की बोतलें भरी हुई तथा पार्सल के उपर बच्चों की दवाईयां है लिखा हुआ था ताकि किसी को शक ना हो। फिलहाल इसकी जांच जारी है।

### मुख्यमंत्री ने संत पवन दीवान की जयंती पर उन्हें नमन किया

**रायपुर 1 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कवि और प्रसिद्ध कथावाचक संत पवन दीवान की 1 जनवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संत दीवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि संत पवन दीवान ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । उन्होंने कहा कि पवन दीवान जी की बातों में माटी की सोंधी महक थी, जिससे आम जनता सहज ही जुड़ जाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीवान जी की यादें छत्तीसगढ़ के जनमानस में हमेशा बनी रहेंगी।

**विशेष प्रार्थना**





## नवा रायपुर में बनेगा नया विहार



**रायपुर 1 जनवरी।** साय सरकार पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह की सरकार की तरह बड़ा काम करने जा रही है. कमल विहार की तर्ज पर नवा रायपुर में नया विहार विकसित करने की योजना है. इसके लिए करीबन आधा दर्जन गांवों की 1100 एकड़ से ज्यादा जमीन ली जाएगी. जिन लोगों की जमीन ली जाएगी, बदले में उन्हें 30-40 फीसदी विकसित प्लॉट देते हुए शेष जमीन आम लोगों को बेची जाएगी. जानकारी के अनुसार, नए विहार में आवासीय, कमर्शियल, चिकित्सा और शिक्षा के लिए भी जमीन रिजर्व की जाएगी. जरूरतमंद लोग और संस्था अपनी जरूरतों के अनुसार जमीन की खरीदी कर सकेंगे. योजना को नवा रायपुर के मास्टर प्लान के अनुसार ही डेवलप किया जाएगा. इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना जारी कर दी गई है. नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने प्रारूप तैयार कर लिया है. इसमें वो सभी सुविधाएं होंगी जो नए शहर में होनी चाहिए है. अंडरग्राउंड बिजली वायर, सीवरेज प्लांट, चौड़ी सड़कें, वाई-फाई, घरों में पाइपलाइन से एलपीजी की सप्लाई समेत सुविधाएं होंगी. आधा दर्जन गांवों में मास्टर प्लान के तहत काम होगा।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ से 45 बच्चों का चयन

**रायपुर, 1 जनवरी।** 28वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव 11एवं 12 जनवरी को नई दिल्ली के भारतमंडपम में आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं से संवाद करेंगे। युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ से 45 बच्चों का चयन किया गया है। यह चयन तीन स्तरों पर सम्पन्न हुआ और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित इन युवाओं को प्रधानमंत्री से संवाद करने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव की 'एंपावरिंग यूथ फॉर विकसित भारत' प्रतियोगिता में केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियंत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट), रायपुर की बीटेक पांचवें सेमेस्टर की छात्रा सौम्या दुबे का भी चयन हुआ है।

उल्लेखनीय है कि सन् 2047 के पूर्व भारत को विकसित बनाने की मुहिम के अंतर्गत 'विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी कड़ी में संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अलग-अलग स्पर्धाएं आयोजित कर अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस स्पर्धा के अंतर्गत विकसित भारत क्विज में उत्तीर्ण होने के बाद प्रतिभागियों द्वारा विकसित भास्त चैलेज के 10 विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखा गया। निबंधों के मूल्यांकन किये जाने के उपरांत प्रत्येक विषय से अधिकतम 25 प्रतिभागियों का चयन राज्य चैंपियनशीप के लिए किया गया। राज्य स्तरीय चैंपियनशीप में प्रतिभागियों द्वारा अपने संबंधित निबंध के विषय के आधार पर पी.पी.टी. (विजन ट्रैक) का प्रदर्शन किया गया। इस पी.पी.टी. (विजन ट्रैक) के मूल्यांकन के बाद 45 अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए चुना गया।

जिन युवाओं का राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए चयन हुआ है उनमें से कुछ अपने विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं के कारण असमंजस की स्थिति में आ गए हैं। दरअसल, कुछ विश्वविद्यालय की परीक्षाएं इन्हीं तिथियों में ही पड़ रही हैं।

केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियंत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट), रायपुर की छात्रा सौम्या दुबे भी उन्हीं प्रभावितों में से एक हैं। उन्होंने बताया की सीपेट की परीक्षाएं

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित होती हैं। उनके पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 7 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित हो रही हैं और इसी दौरान युवा महोत्सव भी है, जिसके लिए युवा कल्याण विभाग संभवतः 8 या 9 जनवरी को दिल्ली ले जायेगा। ऐसे में उन्होंने इसकी जानकारी सीपेट के डायरेक्ट को दी है और विश्वविद्यालय से परीक्षा तिथि परिवर्तन करने का आग्रह किया है।

## कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और अपमान को देखकर कोई भी कांग्रेस का सदस्य बनने के लिए तैयार नहीं: शर्मा



**रायपुर 1 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा है कि आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की लगातार दुर्गति हो रही है, लेकिन बजाय इससे सबक लेने के कांग्रेस के लोग आपसी सिर-फुटौव्वल में लगे हुए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के संगठन महापर्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचा है और कांग्रेस की दुर्दशा का आलम यह है कि वहाँ कोई सदस्य बनने के लिए जरा भी इच्छुक नहीं है। शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं और नेताओं के अभाव से जूझ रही कांग्रेस की राजनीतिक दरिद्रता का इससे अधिक परिचय और क्या होगा कि अब कांग्रेस नेतृत्व को पिछले चुनावों के और निष्कासित नेताओं से आवेदन मंगवाना पड़ा है!

कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र के कारण एक तरफ जहाँ सम्मेलनों में बड़े नेताओं को कार्यकर्ता मुँह पर खूब खरी-खोटी सुनाने में नहीं हिचक रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और अपमान को देखकर कोई भी कांग्रेस का सदस्य बनने के लिए तैयार नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा की ऐतिहासिक सदस्य संख्या भाजपा के प्रति अटूट जन-विश्वास का प्रमाण पत्र है। भाजपा विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और उसकी तमाम व्यवस्थाएँ अपने दलीय संविधान के अनुरूप संचालित होती हैं, जबकि एक परिवार की चरण वंदना ही कांग्रेसियों की कुल जमा राजनीतिक पूंजी है और अपराध और भ्रष्टाचार कांग्रेस सदस्यता की योग्यता का एकमात्र मापदंड रह गया है। अपने इसी राजनीतिक चरित्र और आचरण के कारण छत्तीसगढ़ में कांग्रेस लगातार रसातल में जा रही है।

## बीएड धारी सहायक शिक्षकों का कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मौन प्रदर्शन



**रायपुर 1 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश के बाद डीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार द्वारा बीएड धारी सहायक शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी करते ही बवाल मच गया है. अमान्य किए गए बीएड के सहायक शिक्षक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सुबह से मौन प्रदर्शन कर रहे हैं. बीएड धारी सहायक शिक्षक इस बात पर अड़े हुए हैं कि जब तक आदेश रद्द नहीं होता, तब तक धरने पर बैठे रहेंगे. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश पर सहायक शिक्षक के 2855 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए आदेश दिए गए हैं, जिसके परिपालन में लोक शिक्षण संचालनालय ने बस्तर और सरगुजा संभाग के बीएड धारी सहायक शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किया है. हाई कोर्ट के निर्देश पर की जा रही कार्रवाई में स्पष्ट किया गया है कि डीएड अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्रारंभ किया जाएगा.

## बिकने और बेचने की चर्चाओं के बीच कांग्रेस का यह पूरा साल निकल गया: श्रीवास्तव

**रायपुर 1 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि बिकना और बेचना कांग्रेस का मूल राजनीतिक चरित्र रहा है। बागियों और निष्कासित कांग्रेस नेताओं की वापसी को लेकर कांग्रेस में मचे बवाल ने कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र को एक बार फिर उजागर किया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बिकने और बेचने की चर्चाओं के बीच कांग्रेस का यह पूरा साल निकल गया है। श्रीवास्तव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा टिकटों की खरीद-फरोख्त से इंकार पर पलटवार करते हुए कहा कि बैज अगर कांग्रेस का पूरा इतिहास खंगाल लें तो उनकी यह खुशफहमी काफूर होते देर नहीं लगेगी। कांग्रेस ने तो अपना राजनीतिक चरित्र, जमीर तक बेच डाला है, भ्रष्टाचार करके लूट मचाने और देश व प्रदेश के मान-सम्मान बेचने में कांग्रेस को जरा भी शर्म महसूस नहीं हुई, वह कांग्रेस आज टिकटों की खरीद-फरोख्त के आरोपों पर लिजलिजी दलीलें दे रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बैज अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में टिकटें बेचने से इंकार करके यह तो स्वीकार कर रह हैं कि उनके पहले कांग्रेस में यह सब होता रहा है। अगर बैज के कार्यकाल में टिकटों की खरीद-फरोख्त नहीं हुई थी, तो फिर 2023 के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद से कांग्रेस में टिकटें बेचने के सनसनीखेज आरोप तथ्यों के साथ कौन लगा रहा था।

### भाजपा ने पोस्टर जारी कर पूर्व मंत्री पर कसा तंज

**रायपुर, 1 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ के कथित 2000 करोड़ के शराब घोटाले की आग नए सरकार के कार्यकाल का 1 साल पूरा होने पर भी नहीं बुझी है. बीते दिनों पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के घर में ईडी की दबीश से राज्य की राजनीति में उबाल आ गया है. अब पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता कवासी लखमा के ईडी दफ्तर नहीं पहुंचने पर भाजपा ने सोशल मीडिया पर पोस्टर जारी करते हुए प्रहार किया है।

## हैदराबाद की कंपनी सरकार से सांठगांठ कर बेच रही नौकरियां : दीपक बैज

**रायपुर, 1 जनवरी ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश भर के सभी जिलों में चल रही पुलिस एवं वन आरक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द किया जाये। अभी तक की भर्ती प्रक्रिया की जांच कराई जाये। हैदराबाद की निजी कंपनी जो वन विभाग और पुलिस विभाग में शारीरिक परीक्षा करवा रही उसको ब्लेक लिस्टेड किया जाये। कंपनी और सरकार में बैठे हुए लोग मिलीभगत कर करके नौकरियां बेच रहे। हैदराबाद की इसी निजी कंपनी को अलग-अलग जिलों में लगभग 6000 आरक्षकों के पदों पर भर्ती के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। इसी सरकार में ही पूर्व में इसी कंपनी ने वन रक्षकों की भर्ती में फिजिकल टेस्ट के इवेंट को कवर किया था, उस पर भी अनेकों सवाल उठे, लेकिन आज तक सरकार ने जांच कराना तक जरूरी नहीं समझा। भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा सत्ता में बैठे बड़े लोगों के संरक्षण के बिना संभव ही नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार नौकरियों का व्यापार कर रही है। प्रदेश में वन एवं पुलिस की भर्तियों में बोलियां लग रही। कांग्रेस मांग करती है इन भर्तियो को रोक कर पूरी भर्ती प्रक्रिया की सीबीआई से अथवा उच्च न्यायालय के जज से जांच करवाई जाये। जिलों में आरक्षक भर्ती के साथ वन विभाग में वन रक्षकों की भर्ती में भी घपले हो रहे है। पूरे प्रदेश के सभी जिलों में चल रही आरक्षक भर्ती और वन विभाग की भर्तियों में खुले आम बोलियां लगाई जा रही है। राजनांदगांव आरक्षक भर्ती के भ्रष्टाचार का खुलासा भी हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बड़े अधिकारियों और सत्ता रूढ़ नेताओं चहेतो की भर्तियां सुनिश्चित करने शारीरिक परीक्षण में अधिक नंबर पक्षपात पूर्वक दिया जा रहा है। हैदराबाद की एक कंपनी को वन एवं पुलिस विभाग में शारीरिक परीक्षण का ठेका दिया गया। कंपनी से मिली भगत करके पूरा गड़बड़ किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस एवं वन भर्ती प्रक्रिया को रद्द करके फिर से शारीरिक परीक्षण करवाया जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कोरिया, मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में शारीरिक परीक्षा में पक्षपात करने के लिये सभी चहेते उम्मीदवारों को एक ही दिन शारीरिक परीक्षण के लिये बुलवाया गया। इन अभ्यार्थियो का जिस दिन परीक्षण होना था उस दिन उनसे तबयित खराब होने आदि का बहाना बना कर आवेदन लिया गया तथा सभी को एक आरक्षित दिन बुलाया गया। एक ही दिन दौड़ने वाले 40 उम्मीदवारों को चयन सूची में शामिल किया गया, जो उम्मीदवार दौड़ में असफल हुये उनको लंबी कूद तथा गोला फेंक में 25-25 नंबर देकर पात्र बनाया गया। दौड़ में असफल हुये अभ्यर्थी गोला फेंक और लंबी कूद में 50 अंक पा गये। राजनांदगांव आरक्षक भर्ती मामले में भी इसी प्रकार की गड़बड़ियां हुई है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26